



दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...





नई दिल्ली। गुरुवार 19 मार्च -2026 • वर्ष : 11 अंक : 85 पेज - 08 • RNI NO. DELHIN/2015/65364 • मूल्य : ₹3






## पश्चिम एशिया संकट पर पीएम मोदी की कुवैत क्राउन प्रिंस से विस्तृत बातचीत, शांति, सुरक्षा और होर्मुज पर विशेष जोर



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनावपूर्ण परिस्थितियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबा अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से फोन पर विस्तृत बातचीत की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने उन्हें ईद-उल-फितर की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और दोनों नेताओं ने क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर विचारशील से विचार-विमर्श किया।

बातचीत में पश्चिम एशिया के बचे हुए घटनाक्रमों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि क्षेत्र में तेजी से बदलते हालात न केवल क्षेत्रीय स्थिरता बल्कि वैश्विक शांति के लिए भी चुनौतीपूर्ण हैं। उन्होंने कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर किसी भी प्रकार के हमलों की कड़ी निंदा दोहराई और स्पष्ट किया कि भारत हर प्रकार के आतंक और हिंसा के खिलाफ है।

प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापार के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। ऐसे में यहां सुरक्षित, स्वतंत्र और निर्बाध विवादित सुनिश्चित करना अंतरराष्ट्रीय समुदाय की प्राथमिकता होनी चाहिए। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि समुद्री सुरक्षा बनाए रखने के लिए सहयोग और संवाद को और मजबूत किया जाना जरूरी है।

दोनों पक्षों ने इस बात पर भी जोर दिया कि पश्चिम एशिया में स्थायी शांति और स्थिरता केवल निरंतर राजनयिक प्रयासों और संवाद के माध्यम से ही संभव है। वे सभी पक्षों से संयम शक्तियों और तनाव कम करने के लिए सकारात्मक कदम उठाने की अपील की।

बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत में रह रहे भारतीय समुदाय के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने वहां के नेतृत्व का भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, कल्याण और हितों की रक्षा के लिए निरंतर सहयोग देने पर आभार व्यक्त किया। कुवैत में बड़ी संख्या में भारतीय कामगार और पेशेवर रहते हैं, जो दोनों देशों के संबंधों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

समस्त है कि इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से भी टेलीफोन पर बातचीत की थी। इस दौरान वे पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा करते हुए बढ़े पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की थी। इन हमलों में आम नागरिकों की जान जाने और नागरिक ढांचे आयामों को नुकसान पहुंचने पर वे गहरा दुख और चिंता व्यक्त करते थे।

## आचार्य प्रमोद कृष्णम घर में फिसलकर गिरे

### सिर में लगी गंभीर चोट, अस्पताल में चल रहा इलाज



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता रहे आचार्य प्रमोद कृष्णम बुधवार दोपहर अपने घर में फिसलकर गिर गए, जिससे उनके सिर में गहरी चोट लग गई। उन्हें तुरंत गाजियाबाद के यशोदा मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने तुरंत उनकी सर्जरी कर उनका इलाज किया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है।

जानकारी के मुताबिक, आचार्य प्रमोद कृष्णम दोपहर करीब 12 बजे एक कार्यक्रम में जाने के लिए घर से निकल रहे थे। तभी अचानक उनका पैर फिसल गया और वह गिर पड़े। गिरने से उनके सिर में गंभीर चोट आई। आनन-फानन में परिजन उन्हें यशोदा मेडिसिटी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों को चोट की गंभीरता को देखते हुए तुरंत सर्जी करनी पड़ी। इस हादसे की वजह से वे शाम को होने वाले कार्यक्रम में शामिल भी नहीं हो पाए। उनके घायल होने की खबर के बाद समर्थकों और अनुयायियों में चिंता है और सभी उनके जल्दी ठीक होने की दुआ कर रहे हैं।

### माथे पर हुआ है गहरा घाव

डॉक्टरों ने बताया कि उनके माथे पर करीब दो इंच गहरा घाव था। इसका ऑपरेशन करना पड़ा और करीब 25 टांके लगाए गए। घाव ठीक करने के लिए प्लास्टिक सर्जरी भी की गई। अस्पताल में उनका सीटी स्कैन भी कराया गया, जो सामान्य आया। इससे पता चला कि अंदर कोई गंभीर चोट नहीं है। अभी डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है।

## जब सरकारी प्रेस वार्ता में हुआ मेयर से हाउस टैक्स को लेकर सवाल

## मेयर बोली : नहीं बढ़ेगा और कह दिया तो कह दिया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सरकार की उपलब्धियों को बताने के लिए सरकार के अधिकारियों के साथ सरकार के जनप्रतिनिधि भी बैठे। सरकार ने 9 वर्षों में क्या किया है, इसे बताने के लिए मुख्य विकास अधिकारी आंकड़ों के साथ मौजूद थे तो तथ्यों के साथ मेयर सुनिता दयाल और शहर विधायक संजीव शर्मा भी मोजूद थे। इस प्रेस वार्ता मं अन्य जनप्रतिनिधियों को भी आना था लेकिन वो नहीं आ पाये । सरकार की उपलब्धियों को बताने का मोर्चा मेयर और शहर विधायक ने संभाला। शहर विधायक संजीव शर्मा ने बजट को लेकर तुलनात्मक आंकड़ा बताया। सरकार के कामों की फीडबैक दी और बताया कि 9 वर्ष का कार्यकाल इतना शानदार रहा है। इस प्रेस वार्ता में मेयर सुनिता दयाल भी मौजूद थीं।

इन दिनों नगर निगम का सबसे चर्चित मुद्दा हाउस टैक्स का रहा है और सबसे चर्चित चेहरे मेयर सुनिता दयाल का रहाहै । उन्होंने निगम की बोर्ड बैठक में एलान कियाकि बढ़ा हुआ हाउस टैक्स लागू नहीं होगा। जब शासन की बात आयी तो वो शासन तक गयीं और लौटकर उन्होंने कहा कि बढ़ा हुआ टैक्स लागू नहीं होगा। मेयर सुनिता दयाल जब 9 वर्ष के भाजपा कार्यकाल की उपलब्धियों को बताने के लिए संवाददाताओं से रूबरू थीं तो यहां सवाल एक बार फिर हाउस टैक्स को लेकर हो गया।

सवाल हुआ कि आपने ये कहा था कि हाउस टैक्स बढ़ी दरों पर लागू नहीं होगा लेकिन उसके बाद भी लोगों के पास बिल भेजे जा रहे हैं, लोगों के घर कर्मचारी पहुंच रहे हैं। फिर आपके कहने का अर्थ क्या रहा। हाउस टैक्स को लेकर पूछे गये सवाल पर मेयर सुनिता दया ल ने कहा कि बढ़ी हुई दरों पर हाउस टैक्स लागू नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि मैंने मना कर दिया है और जब जारी बिलों को लेकर सवाल हुआ तो मेयर सुनिता दयाल ने कहा कि मैं कह रही हूं कि अब कोई बढ़ी दर पर हाउस टैक्स के बिल जारी नहीं हो रहे हैं। मेयर ने यहां ये भी स्पष्ट रूप से कहा कि जो 10 प्रतिशत या 20 प्रतिशत बढ़ाये जाने की बात थी मैंने उसके लिए भी मना कर दिया है। हाउस टैक्स में 10-20 प्रतिशत की वृद्धि भी नहीं होगी। सबसे बड़ी बात ये थी कि मीडिया से रूबरू होते हुए मेयर सुनिता दयाल अपने शब्दों को लेकर पूरी तरह दृढ दिखायी दीं।

उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेन्स में हाउस टैक्स को लेकर स्पष्ट एलान किया कि बढ़ी हुई दर पर होई हाउस टैक्स नहीं लिया जायेगा। पुरानी दरों पर हाउस टैक्स की वसूली होगी। जो मैंने कह दिया वो होगा और बिल्कुल भी नयी दर पर टैक्स नहीं देना है। और फिर उन्होंने बुलंद स्वर में एलान किया कि जो कह दिया तो कह दिया।

### अश्लीलता पर जीरो टॉलरेंस : 'सरके चुनर तेरी सरके' पर बैन की मांग

## लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने केंद्र को लिखा पत्र, सख्त कार्रवाई की उठाई आवाज



**गाजियाबाद,(करंट क्राइम) ।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने फिल्मी गीतों में बढ़ती अश्लीलता पर कड़ा रुख अपनाते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री को पत्र लिखकर ह्यसरके चुनर तेरी सरके गीत पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने इसे सामाजिक मयार्दाओं के विपरीत बताते हुए अश्लीलता की पराकाष्ठा करार दिया। विधायक ने कहा कि मनोरंजन के नाम पर परोसी जा रही अश्लीलता भारतीय संस्कृति, सभ्यता और नैतिक मूल्यों को नुकसान पहुंचा रही है तथा युवाओं और बच्चों पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसे भड़काऊ और अशोभनीय कंटेंट पर अब जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जानी चाहिए। अपने पत्र में गुर्जर ने संबंधित प्रोडक्शन हाउस, डायरेक्टर, गीतकार और कलाकारों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग करते हुए उन्हें सिनेमा से ब्लैकलिस्ट करने की बात कही है। साथ ही उन्होंने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते ऐसे कंटेंट पर रोक नहीं लगाई गई तो समाज पर इसके गंभीर दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं।

## धुआं लगा छँटने, डायरी-पेन-कैलेंडर लगे बंटने

### कमल के प्रतीक से नव पदाधिकारियों का सम्मान, एमएलसी स्नातक चुनाव से पहले मेरठ परिक्षेत्र में तेज हुई एमएलसी दिनेश गोयल की सरगर्मी









**मेरठ/गाजियाबाद, ।** आगामी एमएलसी स्नातक चुनाव को लेकर मेरठ परिक्षेत्र में सियासी तापमान तेजी से बढ़ता जा रहा है। चुनावी वर्ष में जहां एक ओर कई नए और पुराने दावेदार अपनी-अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिए सक्रिय हो गए हैं, वहीं दूसरी ओर बदले हुए संगठनात्मक समीकरणों ने मुकाबले को और अधिक दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण बना दिया है। नया प्रदेश संगठन और स्थानीय इकाइयों की पुनर्संरचना ने न केवल नए चेहरों को अवसर दिया है, बल्कि मौजूदा दावेदारों के सामने भी अपनी पकड़ और प्रभाव साबित करने की चुनौती खड़ी कर दी है।

ऐसे राजनीतिक माहौल में मेरठ परिक्षेत्र से मौजूदा एमएलसी दिनेश गोयल की जमीनी सक्रियता और सुनियोजित तैयारी चर्चा के केंद्र में आ गई है।

जहां अधिकांश दावेदार अभी मतदाता सूची मजबूत करने और संपर्क बढ़ाने में जुटे हैं, वहीं गोयल ने इससे आगे बढ़कर संगठनात्मक नेटवर्क को सशक्त करने और कार्यकताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित करने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। बड़े पैमाने पर डायरी, पेन और कैलेंडर का वितरण न केवल उनकी तैयारी का संकेत दे रहा है, बल्कि इसे चुनावी माहौल को साधने और अपनी मौजूदगी को मजबूत करने के प्रभावी प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है।

### तैयारियों से मैदान में बढ़त बनाते नजर आ रहे दिनेश गोयल

**करंट क्राइम।** मेरठ परिक्षेत्र में दिनेश गोयल ने अपने अभियान को आक्रामक अंदाज में आगे बढ़ाया है। लाखों की संख्या में पेन और हजारों डायरी व कैलेंडर छपवाकर कार्यकताओं के बीच वितरित किए जा रहे हैं। यह पहल न केवल उनकी पहुंच को व्यापक बना रही है, बल्कि संगठन के भीतर उनकी सक्रियता और मजबूत पकड़ को भी दर्शा रही है।

### वोट के साथ-साथ संगठन साधने की रणनीति

**करंट क्राइम।** जहां अन्य दावेदार अभी मतदाता बनाने और व्यक्तिगत संपर्क तक सीमित नजर आ रहे हैं, वहीं गोयल ने संगठन के प्रत्येक स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की रणनीति अपनाई है। कार्यकताओं के बीच नियमित संवाद, सामग्री वितरण और टीम आधारित कार्यप्रणाली ने उन्हें एक कदम आगे खड़ा कर दिया है।

### कमल के प्रतीक से नव पदाधिकारियों का सम्मान

**करंट क्राइम।** सूत्रों के अनुसार, नव मनोनीत पदाधिकारियों को कमल के फूल के प्रतीक चिह्न के साथ विशेष सम्मान सामग्री वितरित करने की तैयारी भी चल रही है। इसे संगठनात्मक मजबूती और कार्यकताओं के मनोबल को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### चुनाव से पहले बड़ा सरप्राइज संभव

**करंट क्राइम।** राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि दिनेश गोयल की एक बड़ी टीम लगातार चुनावी रणनीति पर काम कर रही है। ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि चुनाव से पहले कोई बड़ा कदम या घोषणा सामने आ सकती है, जो मुकाबले की दिशा तय कर सकती है। सूत्र बताते है कि ये सरप्राइज बड़ी संख्या में बनने जा रहे वोटों से जुड़ा है. जो कई दावेदारों के होंसले पस्त करने वाला होगा.

### दावेदारों के लिए नई चुनौती बना बदला हुआ संगठन

**करंट क्राइम।** नया प्रदेश और स्थानीय संगठन जहां नई संभावनाएं लेकर आया है, वहीं इसने दावेदारों के सामने नई चुनौती भी खड़ी कर दी है। इसके बावजूद दिनेश गोयल की लगातार सक्रियता और मजबूत जमीनी तैयारी उन्हें अन्य दावेदारों की तुलना में बढ़त दिलाती नजर आ रही है।

**कुल मिलाकर, मेरठ परिक्षेत्र में एमएलसी स्नातक चुनाव को लेकर अब माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है। राजनीतिक हलकों में यही चर्चा है—प्रतिद्वंदी डाल-डाल चल रहे हैं, तो दिनेश गोयल पात-पात आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं।**

## सुल्लामल रामलीला कमेटी में जारी है चुनावी इबारत को लेकर महाभारत

## जब उठे सवाल तो अध्यक्ष ने कहा आम सभा के बाद करा देंगे चुनाव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुल्लामल रामलीला कमेटी में एक बार फिर चुनावी हलचल का हल्ला शुरू हो गया है। बीते दिनों रामलीला कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक हुई थी। इस बैठक में कई मुददों पर चर्चा हुई थी , बैठक में प्रभु श्री हनुमान जी की मूर्ति निर्माण के कार्य पर चर्चा हुई थी। कनिष्ठ उपाध्यक्ष ने इस भवन से लेकर उस भवन के बुकिंग रजिस्टर को उन हाथों में थमाने का प्रस्ताव दियाजो ना चुनाव जीते हैं और ना चुनाव लड़े थे। पूर्व कार्यवाहक महामंत्री दिनेश शर्मा बब्बे भी जेब में एक लैटर रखकर पहुंचे थे।


लैटर का क्या मैटर थाये किसी को पता ही नहीं चला। और दिनेश शर्मा भी खामोश होकर बाहर आ गये। बाहर आने के बाद उन्हें फिर से जोश आया और उन्होंने अब ये आरोप लगाया है कि कार्यकारिणी को वर्तमान कमेटी के कार्यकाल को आगे बढ़ाने का कोई अधिकार नहीं है। दिनेश शर्मा बब्बे ने कहा कि सुल्लामल रामलीला कमेटी 27 फरवरी को कालातीत हो चुकी है।

कार्यकारिणी सभा में ये प्रस्ताव रखा गया था कि जो भी रामलीला कमेटी बने उसका कार्यकाल तीन वर्ष का होना चाहिए। इसी कमेटी में रामलीला समिति क सदस्य आनन्द गर्ग ने ये प्रस्ताव रखा था कि वर्तमान में जो कमेटी है उसका ही कार्यकाल बढ़ा दिया जाये। इस पर कार्यकारिणी सदस्यों ने ताली बजाकर सहमति भी जताई थी। लेकिन मीटिंग से बाहर आने क बाद एक बार फिर विरोध का बिगुल बजा है।

### क्या उस्ताद ने कहा था होना चाहिए चुनाव

**करंट क्राइम।** सुल्लामल रामलीला कमेटी में उस्ताद और खलीफा की परम्परा है। उस्ताद खलीफाओं की नियुक्ति करते हैं और उस्ताद ही रामलीला मंचन के दौरान प्रतिदिन आरती करते हैं। हालाकि उस्ताद के पद को लेकर इस रामलीला के सदस्य और लगभग 50 वर्षों से जुड़े रामलीला के पूर्व पदाधिकारी और पूर्व पार्षद मुनिन्दर आर्य पहले ही उस्ताद के पद को पहले ही फर्जी घोषित कर चुके हैं। वो कह चुके हैं कि सुल्ला मल रामलीला कमेटी के किसी भी बाईलॉज में इस पद का कोई जिक्र नहीं है, ये पद फर्जी है। बहरहाल रामलीला कमेटी की कार्यकारिणी बैठक में उस्ताद अशोक गोयल भी मौजूद थे। बताया जाता है कि उस्ताद अशोक गोयल ने मीटिंग में कहा था कि इसी कार्यकारिणी से ही चुनावी प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए और यही कार्यकारिणी चुनाव घोषित कराये और चुनाव होना चाहिए।

### हमने कभी नहीं किया इंकार हम चुनाव को पूरी तहर तैयार : अजय बंसल



**करंट क्राइम।** सुल्लामल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल ने कहा कि यह रामलीला कमेटी एक पूरा परिवार है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के रूप में मैने या किसी भी पदाधिकारी ने चुनाव के लिए इंकार नहीं किया है। हम चुनाव के लिए तैयार हैं। हमारी पूरी कार्यशैली पारदर्शी है। जो लोग बार बार व्हाटसअप पर हिसाब मांगते हैं हम उन्हें भी कह चुके हैं कि कभी भी आ जाओं औरहिसाब चैक कर लो। उन्होंने कहा कि रामनवमी पर रामभक्त प्रभु श्री हनुमान जी की मूर्ति स्थापनाका कार्य शुरू होगा। यहां रामनवमी पर हवन पूजन होगा। फिर भंडारा होगा और उसके बाद शोभा यात्रा निकाली जायेगी। रामलीला कमेटी के सभी सदस्य इसमें मौजूद रहेंगे। आम सभा भी बुलाई जायेगी और चुनाव भी होंगे। जो भी फैसला होगा वो सर्वसम्मिति से होगा। हमारा लोकतांत्रिक मूल्यों में पूरा विश्वास है ओर हम कमेटी का दफ्तर नहीं बल्कि राम भक्तों का एक पूरा परिवार लेकर चलते हैं। उन्होंने कहा कि थोड़ी बहुत तकरार हर परिवार में होती है लेकिन परिवार भी प्यार में होता है। कहीं कोई विरोध नहीं है और सबकुछ खुशहाल है।

पूर्व कार्यवाहक महामंत्री दिनेश शर्मा बब्बे ने कहा कि जो कमेटी कालातीत हो चुकी है उसका कार्यकाल नहीं बढ़ाया जा सकता है। 27 फरवरी को कमेटी का कार्यकाल खत्म हो गया और अब ये कालातीत सदस्य खुद कुछ नहीं कर सकते ।जो कार्यकारिणी सदस्य प्रस्ताव दे रहे हैं वो भी कालातीत हो चुके हें। यहां दिनेश शर्मा बब्बे ने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन कहा कि कोई ना कोई तो यहां इन्वोल्व है।

उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया अपनाई जाये और चुनाव होने चाहिए। अपने लैटर को लेकर आने और मैटर ना बताने क सवाल पर दिनेश शर्मा बब्बे ने कहा कि मुझसे अध्यक्ष ने लैटर रख लिया था और कहा था कि हम बाद में इसका जवाब दे देंगे लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।



# दिल्ली आग हादसा: पालम में 9 लोगों की मौत, कई घायल

## सुबह सो रहे लोगों को नहीं मिला बचने का मौका, बच्चों को बचाने के लिए इमारत से फेंका गया, 30 फायर टेंडर मौके पर



### शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग



सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 30 गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंच गई और राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। यह इमारत कपड़ों और कॉस्मेटिक्स के कई स्टोरों के अलावा दूसरी और तीसरी मंजिल पर रिहायशी फ्लैटों के लिए भी इस्तेमाल होती थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जबकि उस समय घर में सो रहे लोग गहरी नींद में थे।

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पालम इलाके में बुधवार को दर्दनाक हादसा हुआ। एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। आग में जलकर नौ लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में बच्चे भी शामिल हैं। दमकल विभाग की 30 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। देश की राजधानी दिल्ली में बुधवार को बड़ी घटना सामने आई। दक्षिण-पश्चिमी जिले के पालम इलाके के साध नगर में एक बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग ने नौ लोगों की जान ले ली।

इस दर्दनाक घटना में कई अन्य लोग घायल हुए हैं। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की 30 गाड़ियां मौके पर मौजूद रहीं और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है।

शुरूआती जानकारी के अनुसार, पालम थाना क्षेत्र के साध नगर स्थित राम चौक बाजार में यह दर्दनाक हादसा हुआ। आग की यह घटना सुबह के वक्त हुई, इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित एक कॉस्मेटिक की दुकान में यह आग लगी। आग इतनी तेजी से फैली कि उसने ऊपरी मंजिलों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इमारत के अंदर धुएं का घना गुबार बन जाने के कारण वहां फंसे लोग बाहर नहीं निकल पाए और मदद के लिए गुहार लगाने लगे। बच्चों की जान बचाने के लिए इमारत से फेंक दिया गया।

आग लगने की घटना सुबह लगभग 6:40 बजे हुई, जब अधिकांश लोग गहरी नींद में सो रहे थे। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और धुआं पूरे मकान में फैल गया, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इस दुखद घटना में अग्निशमन सेवाओं की प्रतिक्रिया में देरी देखी गई। लोगों का कहना है कि यदि फायर ब्रिगेड समय पर पहुंच जाती, तो शायद अधिक लोगों को बचाया जा सकता था। फायर ब्रिगेड को घटनास्थल पर पहुंचने में लगभग 40 से 45 मिनट की देरी हुई, जिसने बचाव कार्यों में बाधा उत्पन्न की और स्थिति को और अधिक गंभीर बना दिया। इस देरी ने बचाव कार्यों की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े किए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह लगी आग में तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। आग की लपटों से बचने के लिए इमारत से छलांग लगाने वाले दो अन्य लोगों का इलाज किया जा रहा है। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि बचाव और अग्निशमन अभियानों पर कड़ी नजर रखी जा रही है तथा सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है।

डीएफएस को सुबह करीब सात बजे पालम मेट्रो स्टेशन के पास एक इमारत में घर पर आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल के 30 वाहन मौके पर भेजे गए और आग बुझाने तथा अंदर फंसे लोगों को बचाने के लिए अभियान शुरू किया गया।

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पालम में आवासीय इमारत में लगी आग की घटना की जांच के आदेश दिए



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के पालम क्षेत्र स्थित एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में लगी आग की घटना की मजिस्ट्रेट से जांच कराने के आदेश दिए गए हैं। गुप्ता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आवासीय भवन में आग लगने के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन, दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) और दिल्ली पुलिस बचाव अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा, घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं।

### तीन बच्चों सहित कुल नौ लोगों की मौत

दमकल विभाग के अनुसार, सुबह करीब 7 बजे पालम मेट्रो स्टेशन के पास गली नंबर-2 में आग लगने की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर पहुंचने पर सात घायलों, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल थे, को दमकलकर्मियों ने सुरक्षित बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। आग लगने के शुरूआती दौर में इमारत से कूदने वाले दो लोगों को भी इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। दुर्भाग्यवश, तीन बच्चों सहित कुल नौ लोगों की इस आग में मौत हो गई।

### बच्चों को बचाने के लिए जोखिम में डाली जान

इमारत में लगी भीषण आग के बीच जब धुआं तेजी से फैल रहा था और दम घुटने का खतरा मंडरा रहा था, तब अंदर फंसे लोगों को बचाने के लिए परिवार के सदस्यों ने अपनी जान जोखिम में डाल दी। इस भयावह मंजर के बीच, दो छोटे बच्चों की जान बचाने के लिए उन्हें पहली मंजिल से नीचे फेंक दिया गया, जहां नीचे खड़े लोगों ने उन्हें सुरक्षित पकड़कर अस्पताल पहुंचाया।

# हिंदू नववर्ष पर अयोध्या में ऐतिहासिक क्षण राष्ट्रपति करेंगी श्रीराम यंत्र की स्थापना

**अयोध्या।** हिंदू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि के पहले दिन अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र की स्थापना होगी। राष्ट्रपति वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यह अनुष्ठान करेंगी। कार्यक्रम में हजारों अतिथि, संत और श्रमिक शामिल होंगे तथा पूरे आयोजन को ऐतिहासिक और आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हिंदू नववर्ष, प्रतिपदा के शुभ क्षण में आज श्रीराम जन्मभूमि मंदिर एक नए इतिहास का साक्षी बनेगा, जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र की विधिवत स्थापना करेंगी। इस समारोह का साक्षी बनने के लिए करीब सात हजार मेहमान मौजूद रहेंगे।

राष्ट्रपति का आगमन सुबह लगभग 11 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर होगा। यहां से वह सड़क मार्ग से आद्य शंकराचार्य द्वार (गेट नंबर 11) के जरिये मंदिर परिसर में प्रवेश करेंगी। अयोध्या में उनका प्रवास लगभग चार घंटे का रहेगा। मंदिर परिसर में प्रवेश के उपरांत राष्ट्रपति रामलला के दरबार में हाजिरी लगाकर आशीर्वाद लेंगी। फिर लिफ्ट से मंदिर के दूसरे तल पर पहुंचकर श्रीराम यंत्र की स्थापना और पूजन अनुष्ठान में सम्मिलित होंगी। इस विशेष अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, राम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि, सदस्य जगद्गुरु विश्व प्रसन्न तीर्थ और तीन आचार्य उपस्थित रहेंगे। श्रीराम यंत्र स्थापना के बाद राष्ट्रपति प्रथम तल पर विराजमान राम परिवार का दर्शन-पूजन एवं आरती करेंगी। इसके बाद वह सप्तमंडपम में स्थापित महर्षि वाल्मीकि, माता शबरी और निषादराज के मंदिरों में दर्शन करेंगी।




### श्रमिकों से संवाद भी कर सकती हैं राष्ट्रपति

बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति मंदिर निर्माण में जुटे श्रमिकों से भी संवाद कर सकती हैं, जो इस आयोजन का एक भावनात्मक और महत्वपूर्ण पक्ष होगा। इस ऐतिहासिक समारोह में राम मंदिर आंदोलन से जुड़े कारसेवक, लगभग 300 संत-धमार्चार्य, मंदिर निर्माण में योगदान देने वाली 300 एजेंसियों के 400 श्रमिकों सहित 1800 कर्मी और निधि समर्पण करने वाले विशिष्ट जन शामिल होंगे। समारोह का लाइव प्रसारण किया जाएगा, जिससे देश-विदेश में बैठे श्रद्धालु इस दिव्य क्षण से जुड़ सकेंगे।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अयोध्या आगमन को भव्य बनाएगी योगी सरकार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अयोध्या आगमन को लेकर योगी सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। राष्ट्रपति 19 मार्च को हिंदू नववर्ष (वर्ष प्रतिपदा) और चैत्र नवरात्रि के पहले दिन वह रामनगरी पहुंचेंगी। यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में श्रीराम यंत्र की स्थापना करेंगी।

साथ ही वैदिक अनुष्ठानों में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगी। यह दौरा राम मंदिर के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ेगा, क्योंकि राम यंत्र की स्थापना मंदिर के द्वितीय तल पर होगी, जो आध्यात्मिक और वास्तुशास्त्रीय दृष्टि से अत्यंत पवित्र माना जाता है।

# 23 मार्च से बनने शुरू होंगे वाहनों के ग्रीन कार्ड, बिना बने नहीं मिलेगी एंट्री



**ऋषिकेश।** आगामी चारधाम यात्रा को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए परिवहन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। यात्रा पर जाने वाले व्यावसायिक सवारी वाहनों के लिए ग्रीन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया 23 मार्च से शुरू की जाएगी।

एआरटीओ कार्यालय में 23 मार्च को सुबह 11 बजे से ग्रीन कार्ड जारी करने का कार्य विधिवत रूप से शुरू होगा। एआरटीओ रावत सिंह कटारिया ने बताया कि चारधाम यात्रा मार्ग पर चलने वाले सभी व्यावसायिक सवारी वाहन के लिए ग्रीन कार्ड अनिवार्य होगा। बिना ग्रीन कार्ड के किसी भी वाहन को यात्रा मार्ग पर संचालित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एआरटीओ कटारियो ने कहा कि वाहन स्वामी, चालक 23 मार्च से सभी कार्य दिवसों में अपने वाहनों का समय पर निरीक्षण करवाकर आवश्यक वैध दस्तावेजों के साथ निर्धारित स्थल पर पहुंचकर ग्रीन कार्ड प्राप्त कर सकते हैं।

# जल समझौते पर नया मोड़, पंजाब ने राजस्थान को भेजा बकाया का पत्र



**पंचकूला।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बताया कि साल 1920 राजस्थान के साथ समझौता हुआ था। साल 1960 तक तो राजस्थान 18000 क्यूसेक पानी का पैसा पंजाब को देता रहा मगर 1960 के बाद नया जल समझौता हुआ तो उसके बाद पानी का पैसा राजस्थान की ओर से आना बंद हो गया। अब पंजाब ने राजस्थान सरकार को पत्र लिखकर अपना पुराना बकाया मांगा है।

मुख्यमंत्री मान और सिंचाई मंत्री बरिंदर गोयल ने बताया कि चार साल में नहरी पानी से पंजाब में 70 लाख एकड़ जमीन सिंचित की गई है। अब ऐसे जल स्रोतों को वजूद में लाया जा रहा है जो पहले से कई दबे हुए थे। इसके अलावा कई नहरों और फीडरों की क्षमता भी बढ़ाकर किसानों को सिंचाई के लिए नहरी पानी पहुंचाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने पिछले 4 साल में जल स्रोतों के जरिए किसानों को फायदा पहुंचाने वाली योजनाओं की समीक्षा भी की। सिंचाई एवं खनन मंत्री बरिंदर गोयल और विभाग के अफसरों के साथ कई भावी योजनाओं पर भी चर्चा की।

मुख्यमंत्री का दावा है कि सिंचाई के लिए नहरी पानी की पहुंच और ट्यूबवेलों पर दबाव कम होने के कारण पंजाब का भूजलस्तर 0 से 4 मीटर तक ऊपर आया है भविष्य में सिंचाई के लिए नहरों का जाल और बिछाया जाएगा।

# राज्यसभा में हंसी का माहौल, खरगे के तंज ने सबको हंसाया



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में सांसदों की विदाई के दौरान विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने मजाकिया अंदाज से सबको लोटपोट कर दिया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले पर ऐसी बातें कही कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए। सदन को संबोधित करते हुए खरगे ने देवेगौड़ा का जिक्र किया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, 'मैं देवेगौड़ा को 54 वर्षों से जानता हूं। उनके साथ ही मैंने काम किया, लेकिन क्या हुआ मुझें मालूम नहीं। उन्होंने प्रेम हमारे साथ किया, मोहब्बत हमारे साथ किया और शादी मोदी साहब के साथ कर ली। ये जल्दी ही हुआ कैसे हुआ मुझे मालूम नहीं।' खरगे की इस बात पर पीएम मोदी सहित पूरा सदन ठहाकों से गुज उठा। इसके बाद उन्होंने रामदास अठावले पर भी मजाकिया अंदाज में निशाना साधा। खरगे ने हंसते हुए कहा कि अठावले अपनी कविताओं में हमेशा पीएम मोदी की तारीफ करते हैं। लगता है कि अठावले को मोदी जी की तारीफ के अलावा कोई और कविता आती ही नहीं है। जिससे सदस्यों के बीच फिर से हंसी की लहर दौड़ गई।

**शरद पवार के वापस आने पर जताई खुशी :** खरगे ने शरद पवार के सदन में वापस आने पर खुशी जताई। साथ ही उन्होंने दिग्विजय सिंह, के.टी.एस. तुलसी और अभिषेक मनु सिंघवी के योगदान की भी सराहना की।

### सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों पर कही ये बात

इस सबके बीच खरगे ने एक बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि राजनीति या सार्वजनिक जीवन में लोग न तो कभी थकते हैं और न ही सेवानिवृत्त होते हैं। देश सेवा का जुनून पदों से परे हमेशा बना रहता है। खरगे ने जोर देकर कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले लोग हमेशा कर्तव्य की भावना से प्रेरित रहते हैं, चाहे उनका कार्यकाल रहे या न रहे।

### सांसदों को दी शुभकामनाएं

खरगे खुद भी जून में राज्यसभा से सेवानिवृत्त होने वाले हैं। उन्होंने अप्रैल से जुलाई के बीच सेवानिवृत्त होने वाले सांसदों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राज्यसभा एक स्थायी और निरंतर चलने वाला सदन है। यहां हर छह साल में सदस्य चुनकर आते हैं और हर दो साल में एक-तिहाई सदस्य सेवानिवृत्त होते हैं। खरगे ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि इस सदन में उनका समय बहुत अच्छा रहा।

# उत्तम नगर में तनाव बढ़ा, ईद से पहले धमकियों का मामला कोर्ट पहुंचा



**नई दिल्ली।** उत्तम नगर में तरुण की हत्या के बाद ईद पर 'खून की होली' खेलने की धमकियों से इलाके में तनाव है। वहीं कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने गृह मंत्री को पत्र लिखकर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उत्तम नगर में हुई तरुण की हत्या के बाद इलाके में शांति भंग और हिंसा की आशंका के बीच मुस्लिम समुदाय को धमकियां मिलने का मामला साने आया है। इलाके के निवासियों को ईद के दौरान 'खून की होली' खेलने की धमकियां मिलने का आरोप है।

दिल्ली उच्च न्यायालय में अर्जी दाखिल की गई है। इस पर आज कोर्ट में सुनवाई हो रही है। वकील ने अदालत को बताया कि हिंदू संगठनों के ईद पर होली खेलने के दावे से मुस्लिम समुदाय में दंगे की आशंका है। यह घटना उसके परिवार और पड़ोसियों के बीच एक गुब्बारा फेंकने के बाद हुई झड़प के बाद हुई। कुछ हिंदू संगठनों ने हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया और आरोपी परिवार के दो वाहन जला दिए थे।

जावेद ने शाह को लिखे पत्र में कहा कि मुस्लिम समुदाय 'खुलेआम धमकियों, डराने-धमकाने और डर पैदा करने के व्यवस्थित प्रयास' का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह कानून व्यवस्था का कोई अलग-थलग मुद्दा नहीं है, बल्कि लक्षित शत्रुता का एक पैटर्न है। जावेद ने पुलिस की चयनात्मक या अपर्याप्त प्रतिक्रिया पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जब धमकियां खुले तौर पर दी जाती हैं और उन पर अंकुश नहीं लगाया जाता, तो कानून प्रवर्तन में जनता का विश्वास कम होता है। इससे सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वालों को बढ़ावा मिलता है। सांसद ने जोर देकर कहा कि संविधान नागरिकता की शर्त के रूप में डर की अनुमति नहीं देता।

जावेद ने शाह से स्थिति का तत्काल संज्ञान लेने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी चूक के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने दिल्ली पुलिस को नफरत फैलाने वालों के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की है।

### कांग्रेस सांसद ने गृह मंत्री को लिखा पत्र

कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और कुछ अन्य विपक्षी सांसदों ने बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा। यह पत्र उत्तमनगर में मुसलमानों को कथित धमकियों के संबंध में लिखा गया है। उन्होंने दिल्ली पुलिस को ₹नफरत फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश देने का आग्रह किया।

### उत्तम नगर में मुसलमानों को कथित धमकियां

जावेद का यह पत्र इस महीने की शुरूआत में एक व्यक्ति की हत्या के बाद आया है। रविवार को कई दक्षिणपंथी हिंदू संगठनों ने पश्चिम दिल्ली के उत्तमनगर में विरोध प्रदर्शन किया था। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। चार मार्च को होली समारोह के दौरान तरुण की हत्या हुई थी।

# रूप नगर हादसे के बाद दिल्ली में सभी लोहे के पुलों का होगा ऑडिट

### 48 घंटे में रिपोर्ट देगी जांच समिति



**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के रूप नगर में नजफगढ़ नाले पर 33 साल पुराने फुट ओवरब्रिज के गिरने और एक महिला की मौत के बाद प्रशासन हरकत में आया है। दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने घटना की जांच के लिए 3 सदस्यीय समिति गठित करने का आदेश दिया है। यह समिति पुल गिरने के तकनीकी कारणों और विभागीय चूक की पड़ताल कर 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट पेश करेगी।

इस हादसे के मद्देनजर दिल्ली में मौजूद सभी पुराने लोहे के फुट ओवरब्रिज का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने का फैसला लिया गया है। मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि इंजीनियरिंग टीम शहर भर के ऐसे पुलों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करें, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जर्जर हो चुकी संरचना ही इस हादसे की मुख्य वजह थी। अब जांच रिपोर्ट के आधार पर यह तय किया जाएगा कि इस जर्जर ढांचे को समय रहते पूरी तरह हटाने या मरम्मत करने में कहां और किससे लापरवाही हुई। इससे पहले मंगलवार सुबह नजफगढ़ ड्रेन (नाले) पर बना करीब 33 साल पुराना जर्जर लोहे का पुल अचानक भरभराकर गिर गया। पुल गिरते ही उसके बीचों-बीच उस पर बैठी 60 साल की एक बुजुर्ग महिला नाले में जा गिरी। खबर मिलते ही पुलिस के अलावा दमकल विभाग, एनडीआरएफ, बोट क्लब व अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंचीं, राहत और बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद महिला को नाले से निकालकर नजदीकी अस्पताल भेजा गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो पाई है। जिला पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया कि बुजुर्ग महिला पुल के बीच में बैठकर भीख मांगती थी। हादसे के समय उसे भागने का मौका नहीं मिला।

### स्कूल के समय गिरता पुल तो होता बड़ा हादसा

गुड़मंडी में रहने वाले बुजुर्ग श्याम प्रसाद ने बताया कि रूप नगर में कई सरकारी स्कूल हैं। गुड़मंडी, राजपुरा और आसपास की कई कालोनियों से भारी मात्रा में बच्चे स्कूल जाते हैं। अक्सर बच्चों की भीड़ पुल को क्रॉस करती है। ऐसे में यदि बच्चों के आने या जाने के समय हादसा हुआ होता तो बड़ा हो सकता है। दूसरी ओर रूप नगर के कुछ लोग पुल गिरने को सही बता रहे थे, उनका कहना था कि गुड़-मंडी-राजपुरा की ओर से कई असामाजिक तत्व आकर चोरी या दूसरी वारदातों को अंजाम देते हैं। पुल गिरने से उनके यहां वारदातों में कमी आएगी।

### अब कई किलोमीटर का लगाना पड़ेगा चक्कर

स्थानीय लोगों ने बताया कि गुड़-मंडी, राजपुरा और आसपास की कई कालोनियों से भारी मात्रा में छात्रा के अलावा काम करने वाली महिलाएं व दूसरे लोग भी इस पुल का इस्तेमाल कर रहे थे। दरअसल यह पुल गुड़मंडी और रूप नगर को जोड़ने के लिए शॉर्ट कट था। पुल न होने की वजह से अब उनको कई किलोमीटर का चक्कर काटकर आना होगा।

# 'ईद पर काले कपड़े न पहनें, न करें विरोध प्रदर्शन' मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने की अपील

**बरेली।** मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने अपील की है कि ईद के दिन सड़कों पर नमाज न पढ़ें। सरकार की गाइडलाइन का पालन करें। उन्होंने सपा नेता आजम खां के पैगाम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुसलमान किसी भी राजनीतिक व्यक्ति के बहकावे में न आएं। ईद खुशियों का त्योहार है। इस दिन कोई प्रदर्शन न करें।



ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि ईद खुशी का दिन है, गम मनाने का दिन नहीं है। रमजान का पूरा महीना मुसलमानों की इबादत में गुजरता है। उसके बाद एक दिन खुशी मनाने और एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देने का दिन आता है। इस दिन को किसी के कहने पर गम में तब्दील न करें। सपा नेता आजम खां के पैगाम पर प्रतिक्रिया देते हुए मौलाना रजवी ने कहा कि किसी राजनीतिक व्यक्ति के बहकावे में न आएं। ईरान की कामयाबी के लिए दुआ करें। ईद पर काले कपड़े न पहनें और न ही प्रदर्शन करें।

शहाबुद्दीन रजवी ने बताया कि समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता आजम खां इस वक्त जेल में बंद हैं। उनसे मिलने के लिए मुरादाबाद के सपा नेता यूसुफ मलिक जेल गए थे। जेल में आजम खां ने यूसुफ से कहा कि बाहर जाकर मीडिया के माध्यम से मुसलमानों तक पैगाम पहुंचाइए कि ईरान अमेरिका जंग के पेशे नजर मुसलमान काले कपड़े पहने। हाथों में काली पट्टियां बांधे और फिर नमाज के बाद प्रदर्शन करें। मौलाना ने कहा कि मुसलमान किसी के बहकावे में न आएं। ईद जैसे खुशी वाले मुकद्दस दिन को इबादत के लिए सुरक्षित रखें और कोई भी ऐसा काम न करें, जिससे ईद के दिन की बदनामी हो। ऐसी स्थिति में शरीयत ने व्यवस्था बनाई है कि इमाम को बदल-बदल कर एक से ज्यादा दो, तीन, चार बार भी जमात की जा सकती है। अगर कहीं इस तरह की स्थिति पैदा हो जाए कि नमाजियों की भीड़ ज्यादा है, एक बार में मस्जिद में नहीं आ सकते तो मस्जिद के इमामों को चाहिए।

### सड़क पर नमाज अदा न करें- मौलाना

मौलाना ने सड़क पर नमाज न पढ़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ईद के दिन बुजुर्ग, बच्चे और जवान हर व्यक्ति नमाज पढ़ने का एहतमाम करता है। जिसकी वजह से नमाजियों की तादाद बढ़ जाती है। ईदगाहों में काफी बड़ी जगह होती है, वहां एक बार में ही नमाज हो जाती है। मगर शहरों के मोहल्लो में मस्जिदें छोटी छोटी हैं, जिसकी वजह से नमाजियों की तादाद बहुत ज्यादा होती है वो एक बार में मस्जिद मे नहीं आ सकते, जिसकी वजह से मजबूरन सड़क और गलियों पर नमाज पढ़ना पड़ती है।

# बिहार में सत्ता का नया समीकरण, नीतीश के संकेतों से बढ़ी हलचल




**पटना।** नीतीश कुमार को राज्यसभा के लिए भाजपा ने राजी कराया, ताकि पहली बार उसका कोई नेता सीएम की कुर्सी पर बैठे। अब तक भाजपा ने वह चेहरा नहीं घोषित किया। वजह भी नीतीश हैं। वैसे, इसी वजह के भरोसे नीतीश कुमार ने भाजपाई चेहरे पर भी दांव खेल दिया है।

तारीख- 18 मार्च। जगह- जमुई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक बयान ने सियासी तूफान ला दिया। वह बयान है-अब सब यह ही देखेंगे। मुख्यमंत्री का इशारा बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की तरफ था। समृद्धि यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए वह अचानक डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के पास पहुंचे। इसके बाद उनकी पीठ पर एक हाथ रखकर दूसरा हाथ हवा में लहरा दिया। साथ ही कहा कि अब सब यह देखेंगे। सीएम नीतीश कुमार ने इससे पहले पूर्णिया, बेगूसराय और भागलपुर में भी अपनी समृद्धि यात्रा के दौरान ऐसा किया। सीएम नीतीश कुमार के इस मैसेज को लोग समझ रहे हैं। सियासी गलियारे में यह चर्चा है कि सीएम नीतीश कुमार का लव-कुश समीकरण पर पूरा फोकस है। इसलिए वह कुशवाहा समाज से आने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेता सम्राट चौधरी को अपनी कुर्सी पर बैठे हुए देखना चाहते हैं।

यदि ऐसा होता है तो इसे इस रूप में भी देखा जा सकता है कि जिन सामाजिक समूहों विशेषकर लव-कुश के सहारे उन्होंने वर्षों तक सत्ता चलाई, सत्ता छोड़ते समय उसी सामाजिक आधार को अपने वारिस के माध्यम से आगे बढ़ाने की कोशिश तो कर ही रहे हैं। साथ-साथ लंबे समय तक साथ निभाने के लिए अपनी बागडोर सम्राट को सौंप कर नीतीश कुमार कुशवाहा समाज प्रति अपनी कृतज्ञता भी ज्ञापित कर रहे हैं। पूर्व के दो उपमुख्यमंत्रियों की जगह भाजपा ने सम्राट चौधरी के रूप में एक ही उपमुख्यमंत्री रखा है। सम्राट का गृहमंत्री होना भी इनके पक्ष में ही जाता है। कभी-कभी लगता है कि यह सब नीतीश कुमार की योजना के अनुसार ही हो रहा है।

### लव-कुश समीकरण को ध्यान में रखते हुए सीएम नीतीश ऐसा कर रहे

लंबे समय तक लालू प्रसाद और नीतीश कुमार के करीबी रहे वरिष्ठ समाजवादी नेता शिवानंद तिवारी कहते हैं कि नीतीश कुमार का राज्यसभा जा रहे हैं। उनका उत्तराधिकारी कौन होगा? इसकी चर्चा हो रही है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अगला मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी का ही होगा। भाजपा में कौन होगा? यह भी लगभग तय दिखाई दे रहा है।

### ऐसा जरूरी नहीं कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व सीएम नीतीश की बात मान ही ले

वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण बागी ने कहा कि नीतीश कुमार जिसके जिसके पीठ पर हाथ रखते हैं उसका राजनीतिक अवसान हो जाता है। इससे पहले उपेंद्र कुशवाहा की पीठ पर हाथ रखे थे, उनकी स्थिति देख लीजिए। इसके बाद तेजस्वी यादव की पीठ पर हाथ रखे थे। उनके बारे में कहा था कि अब सब यही देखेंगे। लेकिन, कुछ माह बाद ही गठबंधन टूट गया। नीतीश कुमार अब ऐसी स्थिति में नहीं है कि अब वह कोई सटीक फैसला ले सकते हैं। ऐसा जरूरी नहीं कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व उनकी बात मानें। मुख्यमंत्री कौन बनेगा? यह अंतिम फैसला पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ही करेंगे। सम्राट चौधरी या कोई और यह तो आने वाल वक्त ही बताएगा। लेकिन, एक बात जरूर है कि डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी आरएसएस बैकग्राउंड से नहीं आते हैं और भाजपा का एक खास वर्ग उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में नहीं देखना चाहता है।

### सुशील मोदी को डिप्टी सीए बनाना चाहते थे नीतीश, लेकिन भाजपा ने ऐसा नहीं किया

वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण बागी ने कहा कि 2020 में सीएम नीतीश कुमार सुशील मोदी को उपमुख्यमंत्री बनाना चाहते थे। लेकिन, भाजपा ने उनकी बात नहीं मानी थी। आलाकमान ने रेणु देवी और तारकिशोर प्रसाद को बना दिया। इससे नीतीश कुमार नाराज हो गए और दो साल के अंदर ही गठबंधन तोड़कर तेजस्वी यादव के साथ मिलकर सरकार बना ली। सीएम नीतीश कुमार वापस जब एनडीए में लौटे तो उनसे समन्वय बेहतर बनाने के लिए सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को डिप्टी सीएम बनाया। 2025 में भी सरकार बनी तो मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पद पर जो पहले थे, उन्हें ही रिपीट किया गया। भाजपा हमेशा से चौंकाने वाल फैसला लेते रही है।

19 Mar -26 page 3 18-03-26 11:10 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# उत्तर प्रदेश के नवनिर्माण के 9 वर्ष पर भव्य आयोजन

## विकास उपलब्धियों पर प्रेस वार्ता आयोजित, लाभार्थियों का हुआ सम्मान

**- दीप प्रज्वलन व गणेश वंदना के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ**



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के 'नवनिर्माण के 9 वर्ष' पूर्ण होने के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा जानकी सभागार, रामलीला मैदान, कविनगर में एक भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की नौ वर्षों की विकास यात्रा, सुशासन, कानून व्यवस्था में सुधार, बुनियादी ढांचे के विस्तार, निवेश वृद्धि, रोजगार सृजन, महिला सशक्तिकरण तथा तकनीक आधारित प्रशासनिक सुधारों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, लाभार्थियों, छात्राओं एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों की उपस्थिति रही। समारोह के दौरान राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए लोगों को सम्मानित किया गया तथा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रतीकात्मक चेक और टूल किट वितरित किए गए।

इस अवसर पर लखनऊ स्थित लोक भवन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया, जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों और आगामी योजनाओं की रूपरेखा पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि उत्तर प्रदेश आज भयमुक्त, निवेश अनुकूल और तेज गति से विकास करने वाले अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है तथा सबका साथ, सबका विकास की भावना को धरातल पर साकार किया जा रहा है।

### भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सुनीता दयाल

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि सरकार प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण देने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं को केवल लागू ही नहीं किया जा रहा, बल्कि उन्हें जमीन पर प्रभावी तरीके से उतारा भी जा रहा है।

### मोदी-योगी नेतृत्व में जनपद का चहुंमुखी विकास : विधायक संजीव शर्मा

**करंट क्राइम।** विधायक सदर संजीव शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और विकास को नई गति मिली है। उन्होंने बताया कि जनपद में रैपिड रेल, मेट्रो, एलिवेटेड रोड जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स ने विकास की दिशा बदल दी है और विभिन्न योजनाओं से किसानों, युवाओं और महिलाओं को लाभ मिल रहा है।

### हर नागरिक की भागीदारी से ही होगा समग्र विकास : डीएम रविन्द्र कुमार मॉंदड़

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा, स्वच्छता, आधारभूत संरचना और तकनीकी विकास के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि जनपद के विकास में सहयोग करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है और सभी को अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए।

### लाभार्थियों को वितरित किए गए चेक व टूल किट

कार्यक्रम के दौरान श्रम विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों को सहायता प्रदान की गई।

- मातृत्व शिशु बालिका योजना : रू 31,000
- कन्या विवाह सहायता : रू65,000
- निर्माण कामगार योजना : रू 2,25,000
- विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत टूल किट वितरण
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के लाभार्थियों को भी सम्मानित किया गया

### जनपद में विकास की प्रमुख उपलब्धियां

गाजियाबाद में बीते वर्षों में कई बड़े विकास कार्य हुए हैं, जिनमें–

- आरआरटीएस (नमो भारत) रैपिड रेल का संचालन
- मेट्रो विस्तार (दिलशाद गार्डन से नया बस अड्डा)
- दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेसवे व ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे
- एलिवेटेड रोड, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स
- आईटीआई, अस्पताल, आवासीय योजनाएं और पर्यटन विकास
- हजारों करोड़ का निवेश व रोजगार सृजन

### विशेष उपलब्धि

- आरआरटीएस परियोजना के माध्यम से दिल्ली से मेरठ तक तेज रफ्तार कनेक्टिविटी स्थापित हुई है, जिससे गाजियाबाद के कई प्रमुख स्टेशन जुड़े हैं।

### बेस्ट प्रैक्टिस : कृषि व पोषण में नवाचार

- मुरादनगर में मल्टीलेयर फार्मिंग से किसानों की आय में वृद्धि
- मोरटी गांव में आंगनवाड़ी केंद्रों पर स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार से सकारात्मक बदलाव

# मेयर करें स्थिति स्पष्ट ताकि जनता को ना हो कष्ट : राजेन्द्र त्यागी

## लोग पूछ रहे हैं और नहीं मिल रहा उन्हें जवाब



"बड़ी बात ये है कि निगम प्रशासन और मेयर के बयानों में अंतर है और इस पारस्परिक अंतर के चलते लोग परेशान हो रहे हैं।"


**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स को लेकर कन्फयूजन वाला सीन चल रहा है। मेयर ने साफ कहा कि पुरानीदरों पर टैक्स लागू होगा। उन्होंने मीडिया से रूबरू होते हुए कह दिया कि नयी दर पर टैक्स नहीं लागू होगा। और कहा कि कह दिया सो कह दिया। लेकिन जनता जो कह रही है, उसे सुना जाये। टैक्स वसूल रहे कर्मचारी जो कह रहे हैं, उसे सुना जाये। रोजाना गली मौहल्लों में कर वसूलने के लिए कैम्प लग रहे हें। लाउड स्पीकर से अनाउन्समेंट हो रहा है और हाथों में हैन्डी मशीनें लेकर कर वसूलने के लिए निजी एजेन्सियों के कर्मचारी लोगों के घर पहुंच रहे हें।

इस पूरी स्थिति को लेकर नगर निगम के पूर्व सीनियर पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने सवाल उठाया है और उन्होंने कहा है कि मेयर सुनिता दयाल हाउस टैक्स की दर को लेकर स्थिति स्पष्ट करें ताकि जनता को कष्ट ना हो। उन्होंने कहा कि मेयर सुनिता दयाल लखनऊ होकर आयी हैं और उन्होंने कहा कि पुरानी दरों पर ही टैक्स की वसूली होगी। लेकिन दूसरी तरफ निगम के अधिकारी कर को लेकर बयान दे रहे हैं और बड़ी बात ये है कि निगम प्रशासन और मेयर के बयानों में अंतर है और इस पारस्परिक अंतर के चलते लोग परेशान हो रहे हैं। आखिर इस मुददे पर स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए। बड़ी बात ये है कि गली मौहल्लों में पार्षद क्यों मौन हैं। वो स्थिति स्पष्ट करें क्योंकि लोग उनसे पूछ रहे हैं। पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने कहा कि अब वित्तीय वर्ष खत्म हो रहा है और सबसे हैरानी की बात ये है कि कर की स्थिति को लेकर कोई भी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

मेयर बयान देती हैं कि पुराने रेट पर कर देना हैं और निगम द्वारा अनुबंधित निजी एजेन्सी के कर्मचारी सॉफ्टवेयर का हवाला देते हैं और नयी दरों पर कर वसूलने को कहते हैं। पार्षद इस मामले में हस्तक्षेप करें और आम जनता को स्पष्ट बताया जाये कि उन्हे कौन सी दर पर कर भरना है। बड़ी बात ये है कि यहां मेयर का बयान कुछ और आता है और निगम अधिकारियों का बयान कुछ और आता है। कर पर छुट देने की बात होती है और अब कर जमा न करने पर 12 प्रतिशत की पेनल्टी की बात हो रही है।

# चुनावी रणनीति को लेकर क्यों नजर आती है विपक्ष की आवाज खमोश

## धरने और ज्ञापन से आगे निकल कर कब दिखेगा विपक्ष के नेताओं में जन मुद्दों को लेकर जोश




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में ये कहा जाता है कि सियासत का एक युग और उस युग के नए नेता हमेशा जन आंदोलन से पैदा होते हैं। लोक नायक जय प्रकाश नारायण से लेकर दिल्ली में आम आदमी पार्टी के आंदोलन से निकले अरविंद केजरीवाल तक एक लंबी फेहरिस्त है।

दिल्ली में एक नए युग की शुरूआत हुई और भले ही बाद में जनलोक पाल की बात करने वाले आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष अरविन्द केजरीवाल ने अपनी एक अलग राजनीतिक पार्टी बनाई लेकिन इस आंदोलन का पोलिटिक्ल माईलेज भाजपा को मिला। भाजपा इस आंदोलन के बाद केन्द्र में अपनी मजबूत सरकार के साथ आ गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जन नायक की छवि के साथ अपनी एक वैश्विक छवि बनाने में कामयाब हुए।

आम आदमी पार्टी राजनीतिक संतुलन नहीं बना सकी और जनलोकपाल आंदोलन में उसके सहयोगी रहे अन्ना हजारे साईलेंट मोड पर आ गये। किरण बेदी भाजपा में चलीं गईं और फिर कुमार विश्वास भी कथावाचक हो गये। इसी तरह कभी किसान आंदोलन की बात करने वाले राष्ट्रीय लोकदल को भी बल बढ़ाने के लिए भाजपा से हाथ मिलाना पड़ा। आज वो भाजपा का सहयोगी दल है। उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी केन्द्रीय मंत्री हैं। समाजवादी पार्टी भी सियासी समझौतों के दौर में है। पहले उसने हाथी से हाथ मिलाया और बुआ भतीजे की जोड़ी ने मिलकर चुनाव लड़ा।

ये समझौता रास नहीं आया और फिर हाथी की राहें अलग हो गईं और साइकिल ने अलग ट्रैक पकड़ा। इसके बाद अखिलेश यादव और कांग्रेस एकसाथ मिलकर लडे। फिलहाल ये साथ बना हुआ है। बड़े स्तर पर राजनीतिक दोस्ती और दुश्मनी होती रहती है लेकिन सवाल ये है कि लोकसभा के क्षेत्र में, विधानसभा के क्षेत्र में यूपी की सियासत में विपक्ष के नेता कब मजबूत होंगे। विपक्ष की तस्वीर देखें तो यहां उसके बड़े नेता सिर्फ बयानबाजी तक सीमीत रहते हैं। वो टीवी चैनल पर बाईट तो देते हैं लेकिन जनमुद्दों को लेकर उनकी फाईट नहीं दिखाई देती। इसी परिपाटी को स्थानीय स्तर पर राजनीतिक दलों के नेता फोलो कर रहे हैं। जिस मुद्दे पर समाजवादी पार्टी ने निगम घेरा, उस मुद्दे पर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने प्रेस कान्फ्रेंस से काम चला दिया। शिक्षा का मुद्दा हो, रोजगार का मुद्दा हो या टैक्स का मुद्दा हो, इन सभी जनमुद्दो से नीला हाथी हमेशा दूरी बनाता है। उसके नेता कभी आंदोलनकारी होते ही नहीं।

आम आदमी पार्टी ने बीते दिनों एक प्रदर्शन किया लेकिन उससे पहले इस दल के नेता भी विपक्ष वाले तेवरों के साथ दिखाई नहीं देते। यहां पर अब सवाल ये है कि आखिर जनमुद्दों को लेकर विपक्ष के नेता कब जोश में दिखाई देंगे। विपक्ष जनमुद्दों को लेकर ना रोष में है और ना जोश में है। अगर विपक्ष की पोलिटिक्ल एक्टिविटी को कनैक्ट किया जाये तो वो केवल सियासी औपचारिकताओं को पूरा कर रहे हैं।

खास बात ये है कि ये बात किसी एक दल के नेताओं की नहीं है। ये बात विपक्ष के तमाम अन्य दलों के स्थानीय नेताओं पर भी लागू होती है। बहुत ज्यादा हुआ तो धरना दे दिया वरना ज्ञापन और बयान से राजनीति चल ही रही है। इस पूरे मामले में जो सबसे रोचक पहलू है वो ये है कि विपक्ष वाले कॉलम को भी भाजपा के नेता ही पूरा कर रहे हैं। जब गृहकर में वृद्धि होती है तो उसी के पार्षद धरने पर बैठ जाते हैं। जब यहां नहीं सुनी जाती तो बस में बैठकर लखनऊ जाते हैं। वो सदन में मोर्चा खोल देते हैं। विपक्ष के जो गिनती के पार्षद है वो केवल अपने दो मिनट के विरोध की वीडियो रिर्काडिंग तो कराते हैं लेकिन वो उन तेवरों के साथ नजर नहीं आते जिन्हें विपक्ष वाला तेवर कहा जाता है।

भाजपा यहां पक्ष में भी है और विपक्ष में भी है। उसके पार्षद धरने पर बैठते हैं और भाजपा के पूर्व मेयर सोशल मीडिया पर जनता से हाथ जोड़कर माफी मांगते हैं।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# ढूंढ ही लेते हैं पूर्व मेयर अशु वर्मा टैक्स वाली बात को कहने का कोई ना कोई बहाना

## सरकार की उपलब्धियों को बताया या कसा है टैक्स को लेकर कोई ताना






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अशु वर्मा पूर्व हो चुके हैं लेकिन अभूतपूर्व तरीके से निगम की हर एक्टिविटि को लेकर सक्रिय रहते हैं। वो जनता से जुड़े हर मुददे पर और खास तौर से निगम के हर मुददे पर पूरी केयर करते हैं। सोशल मीडिया पर आते हैं और नपे तुले शब्दों में एक गहरी बात कह जाते हैं। बड़ी बात ये है कि वो अपने शब्दों में मर्यादा का ध्यान रखते हैं, उनका लहजा अनुशासित रहता है और कभी भी सामने वाले के जवाब पर वो अपना संयम नहीं खोते और शालीनता के साथ उत्तर देते हैं।

हाउस टैक्स को लेकर पूर्व मेयर अशु वर्मा पूरी तरह से पहले दिन से ही शाब्दिक पारी खेल रहे हैं। उन्होंने ये भी सोशल मीडिया पर बताया कि वो अपने घर का हाउस टैक्स जमा कराना चाहत हैं। निगम अधिकारी छूट की बात कह रहे हैं और मेयर पुरानी दर की बात कह रही हैं। मेरा कर्मचारी मेरे घर का हाउस टैक्स जमा कराने पहुंचा है और खिड़की पर बैठा कर्मचारी बता रहा है कि नयी दरों से ही टैक्स जमा होगा। वो बता रहाहै कि सॉफ्टवेयर नयी दरको ही स्वीकार करेगा।

कोर्ट का फैसला आया तो पूर्व मेयर अशु वर्मा सामने आये। उन्होंने अपनी पोस्ट से अपने दृष्टिकोण को साझा किया और जनता से हाथ जोड़कर माफी मांग ली। समझने वाले उनके शब्दों को समझते हैं और वो जानते हैं कि पूर्व मेयर कहां निशाना साध रहे हैं। जब 9 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को बताने की बेला थी तो यहां पूर्व मेयर अशु वर्मा ने एक बार फिर शब्दों का खेला किया। उन्होंने टैक्स को लेकर जिन शब्दों में बधाई दी वो शब्द बता रहे हैं कि ये तंज हैं। ये किसी पर तो ताना है।

अशु वर्मा ने सोशल मीडिया पर लिखा कि बिना अतिरिक्त टैक्स बढ़ाये योगी जी उत्तर प्रदेश को देश का नम्बर वन राज्य बनाने की ओर। इसके बाद पूर्व मेयर ने अपनी पोस्ट में लिखा कि योगी जी के ईमानदार सशक्त नेतृत्व के 9 साल में यूपी का बजट तीन लाख करोड़ से बढ़कर बिना टैक्स बढ़ाये 9.13 लाख करोड़ को गया। कितने करोड़ से बढ़कर कितने करोड़ हुआ है इनको लेकर कोई मरोड़ नहीं है लेकिन यहां पोस्ट से पहले पूर्व मेयर अशु वर्मा ने बिना अतिरिक्त टैक्स बढ़ाये जो शब्द लिखा वहीं काफी है कि ये किसी ना किसी पर तो ताना है। क्योंकि सब जानते हैं कि जो इस बात को लिख रहे हैं उन्होंने खुद अतिरिक्त टैक्स ऑलरेडी भर दिया है। वो अपने शब्दों से ठीक वहीं पर संदेश दे रहे हैं जहां वो देना चाहते हैं। वो बताना चाहते हैं कि 9 साल में सरकार ने अतिरिक्ट टैक्स ही नहीं बढ़ाया है। वो जिस नगर निगम के मेयर रहे हैं वहां निगम में भाजपा पार्षदों का धरना हो गया, वहां सांसद विधायकों के लैटर जारी हो गये। वहां पार्षदों का लखनऊ टूर हो गया।

मेयर शासन तक हो आयीं और ये सारा झगड़ा अतिरिक्त टैक्स को लेकर ही तो था। जाहिर है कि अशु वर्मा ठीक वहीं चोट कर रहे हैं जहां वो चाहते हैं। वो अपने शब्दों के जरिये फसाना भी बता रहे हैं और ताना भी बता रहे हैं। अशु वर्मा ने अपने इनडायरेक्ट शब्दों के जरिये बात को वहीं पहुंचाया है जहां वो पहुंचाना चाहते हैं।

शब्दों की खूबसूरती ये है कि पार्टी गाईड लाईन से एक भी शब्द दांये बांये नहीं हुआ है। शब्दों में तंज हो सकता है, रंज हो सकता है लेकिन शब्दों में कहीं भी शालीनता का उल्लघंन नहीं है। शब्दों में नाराजगी नहीं है और कठोरता भी नहीं है। पूर्व मेयर ने यहां एक एक शब्द की केयर की है और शब्दों के जरिये ही बता दिया है कि सबकुछ फेयर नहीं है।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर बढ़ेगा टोल, 1 अप्रैल से लागू होंगी नई दरे

**गजियाबाद (करंट क्राइम)।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे और नेशनल हाईवे-9 पर एक अप्रैल से सफर और महंगा हो जाएगा। तीनों ही रास्तों पर टोल दरों में पांच फीसदी तक वृद्धि प्रस्तावित है। इसके साथ ही एनुअल फास्टैग भी अब 75 रुपये महंगा होकर 3,075 रुपये का हो जाएगा। 31 मार्च रात 12 बजे से बढ़ी दरें लागू होंगी।



दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सराय काले खां से से मेरठ तक कार और जीप की टोल दरें अभी 170 रुपये है। हल्के व्यावसायिक वाहन का एक तरफ का मेरठ तक टोल 275 रुपये है। वहीं, बस-ट्रक की टोल दरें 580 रुपये है। वहीं एनएच-9 पर कार, जीप की मौजूदा दरें 175 रुपये, हल्के कॉमर्शियल वाहनों की 280 रुपये, बस-ट्रक के 590 रुपये है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के परियोजना निदेशक अरविंद कुमार ने बताया कि टोल दरों में पांच फीसदी तक की वृद्धि प्रस्तावित है। नई दरें 31 मार्च की रात को सार्वजनिक की जाएंगी।

**एनएचएआई ने एनुलआ फास्टैग पास के रेट भी बढ़ाए :** बता दें कि, 15 मार्च को ही एनएचएआई ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए फास्टैग वार्षिक पास की लागू फीस में बदलाव करने की घोषणा की है। इस नए निर्णय के तहत एनुअल पास के रेट 3,000 रुपये से बढ़ाकर 3,075 रुपये कर दिए गए हैं।

एनएचएआई के अनुसार, यह संशोधन राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरें तय करने और संग्रह) नियम, 2008 के प्रावधानों के अनुसार किया गया है। वर्तमान में 56 लाख से अधिक निजी वाहन मालिक इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं और उनकी संख्या निरंतर बढ़ रही है।

## संपादकीय

# अमेरिका संग समझौता अटका

भारत और अमेरिका के बीच पिछले महीने जिस अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बनी थी, उसे लेकर कई तरह की दुविधाएं थीं और कुछ शर्तें पहले ही सवालों के घेरे में थीं। अमेरिका की ओर से जिस ढांचे में शुल्क दरें तय करने की बात कही गई थी, उसे भारत के लिहाज से घाटे का सौदा माना जा रहा था। एक तरह से तभी इस बात की आशंका बन रही थी कि भारत इस मसले पर अमेरिका से पुनर्विचार करने को कह सकता है। मगर कई बार वैश्विक समीकरण इस तरह काम करते हैं कि दोनों पक्षों को मौजूदा तकाजों के मुताबिक फैसला लेना होता है। शायद यही वजह है कि उस समय अमेरिका की ओर से शुल्क दर घटा कर अठारह फीसद कर दिया गया था और भारत ने उस पर सहमति जताई थी।

मगर अब भारत सरकार की ओर से यह साफ कहा गया है कि अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता तभी आगे बढ़ेगा या उस पर हस्ताक्षर होंगे, जब नया वैश्विक शुल्क ढांचा तैयार हो जाएगा। गौरतलब है कि भारत और अमेरिका के बीच इस व्यापार समझौते पर इसी महीने हस्ताक्षर होने थे, लेकिन चूंकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले में पुरानी शुल्क दरों को अमान्य करार दे दिया गया, इसलिए अब वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन को वैश्विक व्यापार के लिए नया ढांचा तैयार करने की जरूरत पड़ रही है। इसमें कोई दोराय नहीं कि किसी भी व्यापार समझौते में शामिल देश तभी सहमत होते हैं, जब उन्हें विश्व बाजार में अन्य प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले ज्यादा सुविधाएं या लाभ मिलें। मगर पिछले महीने अमेरिका के साथ जिन परिस्थितियों में व्यापार समझौते पर बात आगे बढ़ी थी, उसे भारत के लिहाज से अनुकूल नहीं कहा जा सकता था। खासतौर पर शुल्क दरें तय किए जाने की कसौटी चूंकि समान नहीं थी, इसलिए आने वाले वक्त में इस मसले पर संतुलन बनाने की मांग उठने की पूरी संभावना थी। इसके अलावा, खुद अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन के शुल्क दरों के ढांचे को कठघरे में खड़ा कर दिया। हालांकि एक वस्तुस्थिति यह भी है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर भले ही वार्ता आगे बढ़ रही थी, लेकिन अब तक यह केवल समझौते के प्रारूप तक ही पहुंची थी और इसके लिए किसी कानूनी दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं हुए थे। यानी कहा जा सकता है कि भारत के पास फिलहाल नई परिस्थितियों में अपने हित के मद्देनजर समझौते के प्रारूप में बदलाव करने की गुंजाइश बाकी है। दरअसल, अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत में अमेरिका की ओर से शुल्क दरों के अलावा भारत के सामने रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदने को लेकर भी शर्त जोड़ने की कोशिश की गई। भारत के लिए यह एक असुविधाजनक स्थिति थी और इसे इसी रूप में मान लेना एक मुश्किल काम था। मगर पिछले दिनों ईरान पर अमेरिका और इजराइल के साझा हमले के बाद तेल आपूर्ति में वैश्विक पैमाने पर जिस स्तर की बाधा आई, उसे देखते हुए रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदने की शर्त अपने आप कसौटी पर आ गई। स्वाभाविक ही नई परिस्थितियों में भारत अब व्यापार समझौते में अपना हित सुरक्षित रखने की कोशिश करेगा।

# रिकवरी मोड में बाजार, सेंसेक्स 76,700 के पार, निफ्टी में भी जबरदस्त उछाल

**नई दिल्ली।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 633.29 अंक उछलकर 76,704.13 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 196.65 अंक की बढ़त के साथ 23,777.80 पर बंद हुआ।



भारतीय शेयर बाजार बुधवार को हरे निशान पर बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 633.29 अंक या 0.83 प्रतिशत उछलकर 76,704.13 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 196.65 अंक या 0.83 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,777.80 पर बंद हुआ।

बाजार विशेषज्ञ अजय बग्गा के अनुसार, बाजार ने अत्यधिक गिरावट और निराशा के स्तर से उभरते हुए रिकवरी दर्ज की है। उन्होंने बताया कि मार्च में विदेशी निवेशकों द्वारा कैश इक्विटी से 70,000 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी के बावजूद घरेलू संस्थागत निवेशकों ने बाजार को संभाला है।

हालांकि, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि बाजार की आगे की दिशा काफी हद तक तेल और गैस आपूर्ति में व्यवधान की तीव्रता और अवधि पर निर्भर करेगी। उनके मुताबिक, यह एक बड़ा अनिश्चित कारक है, जिसे बाजार अभी पूरी तरह से कीमतों में शामिल नहीं कर रहा है।

अजय बग्गा ने कहा कि इस सप्ताह का सबसे अहम वैश्विक आर्थिक घटनाक्रम अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक है। बाजार को उम्मीद है कि फेड फिलहाल ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करेगा और 2026 के अंत तक एक संभावित दर कटौती हो सकती है।

वहीं, जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि युद्ध से जुड़ी अनिश्चितता और भ्रम का असर बाजार पर साफ दिख रहा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति में अनुभवी विशेषज्ञ भी निवेशकों को स्पष्ट रणनीति देने में हिचक रहे हैं।

# सरकार ने PAN आवेदन नियमों में बदलाव की किया ऐलान 1 अप्रैल से इस दस्तावेज की होगी जरूरत

**नई दिल्ली।** सरकार ने स्थायी खाता संख्या (पैन) आवेदन प्रक्रिया में बदलाव की घोषणा की है। ये संशोधित नियम 1 अप्रैल, 2026 से लागू होंगे। नागरिकों को 31 मार्च, 2026 से पहले केवल आधार का उपयोग करके आवेदन करने की सलाह दी गई है। सीएससी ने एक पोस्ट में कहा, महत्वपूर्ण अपडेट!! पैन आवेदन नियम 1 अप्रैल 2026 से बदल रहे हैं। अभी 31 मार्च 2026 तक केवल आधार का उपयोग करके आवेदन करें। संशोधित नियम लागू होने के बाद आवेदकों को नए पैन आवेदन फॉर्म का उपयोग करना होगा। मौजूदा फॉर्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे।



**आवश्यक दस्तावेज और नए फॉर्म :** सीएससी पोर्टल के अनुसार, नए पैन कार्ड आवेदन फॉर्म जल्द ही साझा किए जाएंगे। अपडेट के अनुसार, जन्म प्रमाण के रूप में कई दस्तावेज स्वीकार किए जाएंगे। इनमें जन्म प्रमाण पत्र, वोटर आईडी कार्ड, मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट और शपथ पत्र शामिल हैं। अन्य सरकारी-जारी दस्तावेज भी मान्य होंगे। नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे अतिरिक्त दस्तावेजीकरण आवश्यकताओं से बचने के लिए समय सीमा से पहले पैन संबंधी औपचारिकताएं पूरी कर लें।

**आधार से नाम का सरेखण और आवेदन प्रक्रिया :** सीएससी ने आगे कहा कि पैन कार्ड पर नाम आधार रिकॉर्ड के साथ सख्ती से सरेखित किए जाएंगे। पैन कार्ड वित्तीय और बैंकिंग लेनदेन के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। आधार भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी एक 12-अंकीय विशिष्ट पहचान संख्या है। आवेदक प्रोटियन (पूर्व में एनएसडीएल ई-गवर्नेंस), यूटीआई इन्फ्रास्ट्रक्चर टेक्नोलॉजी एंड सर्विसेज लिमिटेड के पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आयकर विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से भी नए पैन के लिए आवेदन किया जा सकता है। धोखाधड़ी से बचाव की चेतावनी सरकार ने कहा कि जालसाज उपयोगकर्ताओं को 'ई-पैन कार्ड ऑनलाइन डाउनलोड करें' से संबंधित ईमेल भेजकर धोखाधड़ी कर रहे हैं।

# ऊर्जा संकट के बीच केंद्र का भरोसा: देश में तेल-गैस की कोई कमी नहीं

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी हालिया तनाव और भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच भारत सरकार ने घरेलू ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए रणनीतिक कदम उठाए हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने एक अंतरमंत्रालयी प्रेसवार्ता में साफ किया देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए रिफाइनरियों से घरेलू एलपीजी के उत्पादन में लगभग 40% की भारी वृद्धि की गई है।

मंत्रालय ने अफवाहों से बचने की सलाह देते हुए आश्वस्त किया है कि किसी भी खुदरा आउटलेट या डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर गैस की कोई कमी नहीं है और घरेलू पीएनजी और परिवहन सीएनजी उपभोक्ताओं को 100% आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। वहीं, जहाजरानी मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि होर्मुज में फिलहाल 22 जहाज और 600 से अधिक नाविक विभिन्न जहाजों पर फंसे हैं। वे सभी फिलहाल सुरक्षित हैं।

**घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता और पीएनजी की ओर झुकाव :** वर्तमान परिस्थितियों में घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं की आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। शुरूआत में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री में जो कटौती की गई थी, उसे अब आंशिक रूप से बहाल कर दिया गया है। ऊर्जा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए, प्रमुख शहरों और शहरी क्षेत्रों में व्यावसायिक एलपीजी उपभोक्ताओं से पीएनजी में स्विच करने का आग्रह किया गया है। सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों ने पीएनजी कनेक्शन के लिए कई प्रोत्साहन भी पेश किए हैं और उपभोक्ता ईमेल, पोर्टल या कॉल सेंटर के जरिए आवेदन कर सकते हैं।



इसके अलावा, एलपीजी से पीएनजी में दीर्घकालिक परिवर्तन को सुनिश्चित

### वैकल्पिक ईंधन और आपूर्ति शृंखला प्रबंधन

एलपीजी की बढ़ती मांग के दबाव को कम करने के लिए कोयला और केरोसिन जैसे वैकल्पिक ईंधन विकल्पों को सक्रिय कर दिया गया है। बिहार, गुजरात, केरल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों ने केरोसिन आवंटित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। इसके अलावा, गैर-घरेलू एलपीजी की आंशिक आपूर्ति सभी राज्यों में उपलब्ध कराई जा रही है; जिसके लिए दिल्ली, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान सहित 14 से अधिक राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने आवंटन आदेश जारी किए हैं। गैस के डायवर्जन और कालाबाजारी को रोकने के लिए 'डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड' को सख्ती से लागू किया जा रहा है, जिसका उपयोग 15 मार्च 2026 के 72% से बढ़कर 17 मार्च तक 81% हो गया है।

# तेल सप्लाई संकट के बीच भारत को फायदा, रूस से बढ़ी खरीद, चीन को झटका

**नई दिल्ली।** ईरान में युद्ध के कारण मध्य पूर्व से कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने के बाद वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक बड़ा भू-राजनीतिक और व्यापारिक बदलाव देखने को मिल रहा है।



अमेरिका की भारत को रूसी तेल की खरीद बढ़ाने की अस्थायी छूट दिए जाने के बाद, चीन की ओर जा रहे कई एक रूसी तेल टैंकर बीच रास्ते में ही अपना मार्ग बदलकर भारत का रुख कर लिया है। यह घटनाक्रम भारत की ऊर्जा सुरक्षा और बदलती वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के लिहाज से एक बेहद अहम और कूटनीतिक कदम है।

रूसी जहाज के 21 मार्च को न्यू मैंगलोर पहुंचने की उम्मीद शिप-ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, 'एक्वा टाइटन' नामक एक अफ्रामैक्स रूसी टैंकर, जो मूल रूप से चीन के रिझाओ बंदरगाह की ओर जा रहा था, उसने मध्य मार्च में दक्षिण पूर्व एशियाई जलक्षेत्र (दक्षिण चीन सागर) से यू-टर्न ले लिया है। यह टैंकर जनवरी के अंत में बाल्टिक सागर के एक बंदरगाह से 'उरल्स' कच्चा तेल लेकर चला था और अब इसके 21 मार्च को न्यू मैंगलोर पहुंचने की उम्मीद है।

मध्य पूर्व में ईरान युद्ध के कारण उत्पन्न इस ऊर्जा संकट के बीच भारत का यह कदम अपनी घरेलू ऊर्जा मांग को सुरक्षित करने के लिए एक मजबूत नीतिगत और व्यावसायिक पहल है।

बीच समंदर से चीन की अस्थायी छूट दिए जाने के बाद, चीन की ओर जा रहे कई एक रूसी तेल टैंकर बीच रास्ते में ही अपना मार्ग बदलकर भारत का रुख कर लिया है। यह घटनाक्रम भारत की ऊर्जा सुरक्षा और बदलती वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के लिहाज से एक बेहद अहम और कूटनीतिक कदम है। जा रहे तेल टैंकरों का भारत की ओर मुड़ना यह स्पष्ट करता है कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाएं कितनी तेजी से नई व्यावसायिक वास्तविकताओं के अनुकूल ढल रही हैं।

### कम से कम सात रूसी टैंकरों के दिशा बदलने की खबर

वोर्टेक्सा लिमिटेड के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, कम से कम सात ऐसे टैंकर हैं जो रूसी तेल ले जा रहे थे और उन्होंने अपनी यात्रा के बीच में ही चीन से भारत की ओर अपनी दिशा बदल ली है। यह रणनीतिक बदलाव मुख्य रूप से तब आया जब अमेरिका ने भारत को ईरान युद्ध के कारण हुए नुकसान की भरपाई के लिए अस्थायी रूप से रूसी तेल की खरीद बढ़ाने की हरी झंडी दे दी। इस महत्वपूर्ण रियायत के मिलने के बाद वाले सप्ताह में ही, भारतीय रिफाइनरियों ने तेजी दिखाते हुए तीन करोड़ (30 मिलियन) बैरल रूसी कच्चे तेल की भारी-भरकम खरीद की है। वर्तमान में भारत की सभी प्रमुख रिफाइनरियां कच्चे तेल के बाजार में सक्रिय रूप से रूस से खरीदारी कर रही हैं।

केपलर और जहाज-ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, रूस के काला सागर स्थित नोवोरोसिस्क से कजाख सीपीसी ब्लेंड क्रूड लेकर चीन के रिझाओ जा रहे 'सुएजमैक्स जूजू एन' टैंकर ने भी मार्च की शुरूआत में दिशा बदल ली। इसके 25 मार्च तक भारत के सिक्का पहुंचने का अनुमान है।

### रूसी तेल पर भारतीय रिफाइनरियों का रुख बदला

हाल के महीनों में जब भारत ने रूस से अपनी खरीद कम कर दी थी, तब चीन मास्को के लिए अंतिम विकल्प के रूप में कार्य कर रहा था। लेकिन भारतीय रिफाइनरियों की रूसी तेल की ओर हालिया रुख ने व्यापारिक समीकरण को तेजी से पलट दिया है। रूस से तेल खरीद की अनुमति का दायरा बढ़ने के बाद जापान और दक्षिण कोरिया जैसे अन्य खरीदारों की भी बाजार में वापसी हो रही है। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, खरीदारों की इस वापसी से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में और अधिक उछाल आ सकता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- रेंडियर की आंखों की पुतलियाँ सर्दियों में नीले रंग में बदल जाती है, जिससे उन्हें कम रोशनी के स्तर पर देखने में मदद मिलती है।
- एक बिल्ली के प्रत्येक कान में बत्तीस मांसपेशियां होती हैं।
- मधुमक्खियाँ अपने पैरों से स्वाद ले सकती हैं, और माना जाता है कि शहद के पास एक शाश्वत शैल्फ जीवन है।
- कंगारू के पूर्वज पेड़ों में रहते थे। आज यहां आठ अलग-अलग प्रकार के वृक्ष कंगारू हैं।
- महिला कंगारूओं में तीन योनि होती हैं।
- हाथी 3 मील दूर तक पानी की गंध ले सकते हैं।
- पेंगुइन के पास घुटने भी होते हैं।
- सूर्य भालू की सभी भालू प्रजातियों में सबसे लंबी जीभ होती है - 8 से 10 इंच लंबी!
- बाघों को न केवल उनके फर पर पट्टियां होती हैं, बल्कि वे उनकी त्वचा पर भी होती हैं। दो बाघों में कभी भी एक जैसी ही पट्टी नहीं होती है।
- महिला कोमोडो ड्रेगन को पुनरुत्पादन के लिए एक पुरुष की जरूरत नहीं होती है।

## राशिफल

**मेष:** वैवाहिक लोगों को जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। खान-पान पर संयम रखकर आप अपने स्वास्थ्य को बेहतर रख सकते हैं।

**वृष:** आपके लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। जिस काम को भी आप करने की सोचेंगे, उसे पूरा करके ही दम लेंगे और उससे आप को फायदा होगा।

**मिथुन:** ऑफिस में काम का बोझ अधिक होगा। साथ ही काम पूरा करने में किसी सहकर्मी की मदद भी मिलेगी। आपके करियर में अचानक कुछ बदलाव आयेंगे।

**कर्क:** आप अपने भविष्य के लक्ष्यों पर चर्चा कर सकते हैं। पारिवारिक एवं सामाजिक संबंध मजबूत होंगें। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला असर देने वाला रहेगा। काम के सिलसिले में अधिक मेहनत करने का समय है। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे।

**कन्या:** अचानक धन लाभ के अवसर मिलेंगे। कोई इच्छा पूरी होने के योग बन रहे हैं। बहुत दिनों से कोई काम पूरा करने के बारे में सोच रहे हैं, तो काम पूरा होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

चोर ने एक आदमी को बाजार में घेर लिया
आदमी- मुझे घर जाने दो
चोर- तेरी जेब में जितना भी पैसा है, सब निकाल के दे दे।
आदमी- भाईसाहब जेब तो खाली है कहो तो पेटीएम कर दूं।

---

एक छोटे बच्चे ने अपनी मां से कहा - मां मैं इतना बड़ा कब हो जाउंगा कि आपसे बिना पूछे कहीं भी जा सकूं?
मां ने बहुत प्यार से कहा - बेटा अभी इतने बड़े तो तेरे पापा भी नहीं हुए है।

---

पिता- बेटा आज तक कोई ऐसा काम किया है जिससे मेरा सिर ऊंचा हुआ हो?
बेटा- जी हां पापा, एक बार आपके सिर के नीचे तकिया रखा था।
पिता जवाब सुन रह गए हैरान।

---

दो दोस्त बात कर रहे थे
पहला: यार मेरी पत्नी बहुत गुस्से वाली है!
दूसरा: क्यों?
पहला: मैंने बस इतना कहा तुम हंसती बहुत अच्छी हो
दूसरा: फिर?
पहला: बोली तो क्या मैं रोते हुए अच्छी नहीं लगती?




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# मैदान के बाद आसमान में भी कमाल: ग्लेन फिलिप्स ने पायलट बनकर दिखाया नया हुनर





**नई दिल्ली।** ग्लेन फिलिप्स ने विमान की सफल लैंडिंग कर अपनी पायलट स्किल्स से सभी को हैरान कर दिया। क्रिकेट के बाद पायलट बनना उनका सपना है और वह इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

न्यूजीलैंड के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार क्रिकेट नहीं बल्कि अपनी पायलट स्किल्स की वजह से वह सुर्खियों में हैं। फिलिप्स ने ऑकलैंड के आर्डमोर एयरोड्रोम पर एक विमान की सफल लैंडिंग कर सभी को चौंका दिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। उन्होंने खुद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह वीडियो शेयर किया, जिसमें वे बेहद तकनीकी तरीके से विमान उतारते नजर आए।

**पायलट बने फिलिप्स**

फिलिप्स पहले ही अपनी शानदार फील्डिंग, विस्फोटक बल्लेबाजी और उपयोगी गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं, लेकिन अब उन्होंने यह भी साबित कर दिया कि वह आसमान में भी कमाल कर सकते हैं। वह इस समय कमर्शियल पायलट लाइसेंस हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और हाल ही में फ्लाइंग स्कूल के छात्रों और प्रशिक्षकों से भी मुलाकात की।

**पायलट बनना चाहते हैं फिलिप्स**


फिलिप्स ने बताया कि उन्हें उड़ान भरने का बेहद शौक है और अगर वह क्रिकेटर नहीं होते तो पायलट बनना ही उनकी पहली पसंद होती। उन्होंने कहा कि क्रिकेट के बाद भी वह पायलट के रूप में करियर बनाने पर विचार कर सकते हैं। बहुत जल्द फिलिप्स आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए खेलते नजर आएंगे।

# पाकिस्तानी टी-20 लीग का क्यों उड़ रहा मजाक

## एक टी-20आई खेलने वाला यह ऑस्ट्रेलियाई बना हैदराबाद का कप्तान

**कराची।** पीएसएल 2026 में नई टीम हैदराबाद किंग्समेन ने केवल एक टी-20 इंटरनेशनल खेलने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को कप्तान बनाया है। इस फैसले के बाद लीग का सोशल मीडिया पर मजाक उड़ रहा है और फैंस चयन पर सवाल उठा रहे हैं।

पाकिस्तान अपनी किरकिरी करवाने का कोई मौका नहीं छोड़ता है। इस बार भी कुछ ऐसा हुआ है। 26 मार्च से शुरू हो रहे पाकिस्तानी सुपर लीग (पीएसएल) से पहले उसकी एक टीम ने ऐसा फैसला लिया है, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। पीएसएल में मार्नस लाबुशेन को हैदराबाद किंग्समेन फ्रेंचाइजी का कप्तान नियुक्त किया गया है। लाबुशेन इस साल पीएसएल टीम के कप्तान बनने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं। उनसे पहले कराची किंग्स ने डेविड वॉर्नर और मुल्तान सुल्तांस ने एश्टन टर्नर को अपना कप्तान बनाया था।



### मैक्सवेल-परेरा पर मिली तरजीह

हैदराबाद किंग्समेन पाकिस्तान सुपर लीग में शामिल होने वाली दो नई टीमों में से एक है। किंग्समेन की टीम में कप्तानी के अनुभव वाले खिलाड़ियों की कमी थी, इसलिए कप्तान के तौर पर किसी एक खिलाड़ी का नाम सबसे आगे नहीं था। ग्लेन मैक्सवेल, कुसल परेरा और सैम अयूब जैसे बड़े नाम भी टीम में शामिल थे, लेकिन लाबुशेन को आखिरकार टीम की कप्तानी सौंपी गई। लाबुशेन हमवतन जेसन गिलेस्पी के साथ मिलकर काम करेंगे। गिलेस्पी को फ्रेंचाइजी का हेड कोच बनाया गया है। इससे पहले वह टेस्ट क्रिकेट में पाकिस्तान के हेड कोच रह चुके हैं। ग्रांट ब्रैडबर्न को टीम का फील्डिंग कोच नियुक्त किया गया है।

### तीन मई को खेला जाएगा पीएसएल का फाइनल

पाकिस्तान सुपर लीग 2026 की शुरूआत 26 मार्च से होगी, जिसमें हैदराबाद किंग्समेन का सामना लाहौर कलंदर्स से होगा। इसके बाद किंग्समेन 29 मार्च को क्वेटा ग्लैडिएटर्स के सामने होगी। एक अप्रैल को इस टीम का सामना मुल्तान सुल्तांस से होगा। इसके बाद आठ अप्रैल को उसके सामने पेशावर जाल्मी होगी। 11 अप्रैल को किंग्समेन की भिड़ंत कराची किंग्स से होगी। इस लीग का फाइनल तीन मई को लाहौर में खेला जाना है।



### लाबुशेन टी20 के नियमित खिलाड़ी नहीं

लाबुशेन टी20 सर्किट में नियमित खिलाड़ी नहीं हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की ओर से सिर्फ एक ही टी20 मैच खेला है। लाबुशेन मुख्य रूप से टॉप-ऑर्डर के बल्लेबाज हैं, लेकिन ऑफ स्पिन या मीडियम पेस गेंदबाजी भी कर सकते हैं। उन्होंने 59 टी20 मुकाबलों में 40 विकेट निकाले हैं। वह ऑस्ट्रेलिया की वनडे और टेस्ट टीम का हिस्सा हैं। हालांकि, खराब फॉर्म के चलते हाल ही में उन्हें ऑस्ट्रेलियाई टीम से बाहर भी किया था। ऐसे में एक टेस्ट बल्लेबाज को कप्तान बनाकर पीएसएल की फ्रेंचाइजी ने खुद की किरकिरी करवाई है। लाबुशेन ने बिग बैश लीग में 31 मुकाबले खेले, जिसमें 22.96 की औसत के साथ 643 रन बनाने के साथ 13 विकेट हासिल किए। वहीं, वाइटैलिटी ब्लास्ट में 27 मुकाबले खेलते हुए 32 की औसत के साथ 736 रन बनाए। इस लीग में उन्होंने 27 विकेट भी निकाले हैं। ओवरऑल 59 टी20 में लाबुशेन ने 26.55 की औसत और 126.81 के स्ट्राइक रेट से 1381 रन बनाए हैं। इनमें आठ अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा 40 विकेट भी लिए हैं। उनका इकोनॉमी रेट 8.74 का रहा है और 11 रन देकर पांच विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। लाबुशेन को कभी आईपीएल में खेलने का मौका नहीं मिला है।

# आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली बंगलूरू पहुंचे

## आरसीबी आईपीएल 2026 में चैंपियन के रूप में उतरेगी

**- आरसीबी आईपीएल 2026 में चैंपियन के रूप में उतरेगी। टीम का मुख्य लक्ष्य अपने खिताब का बचाव करना होगा। आरसीबी ने आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर अपना पहला खिताब जीता था।**



**बंगलूरू।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली आईपीएल 2026 के लिए टीम से जुड़ गए हैं। कोहली बुधवार सुबह बंगलूरू पहुंचे। टीम मैनेजमेंट, खिलाड़ियों और फैंस को कोहली का बेसब्री से इंतजार था।

बंगलूरू पहुंचने से पहले कोहली लंदन में ही अभ्यास कर रहे थे। कोहली ने अपने अभ्यास की एक तस्वीर भी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डाली थी जिसे आरसीबी ने अपने आधिकारिक एक्स प्लेटफॉर्म पर शेयर किया था। कोहली के टीम से जुड़ने के बाद अभ्यास सत्र में जोश और तेजी आएगी।

आरसीबी आईपीएल 2026 में चैंपियन के रूप में उतरेगी। टीम का मुख्य लक्ष्य अपने खिताब का बचाव करना होगा। आरसीबी ने आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर अपना पहला खिताब जीता था। आरसीबी को चैंपियन बनाने में विराट कोहली का अहम योगदान रहा था। फ्रेंचाइजी के लिए पारी की शुरूआत करने वाले विराट कोहली ने पिछले सीजन में 15 मैचों में 54.75 की औसत और 144.71 की स्ट्राइक रेट से 657 रन बनाए थे। इस दौरान उनके बल्ले से आठ अर्धशतक निकले थे। कोहली ने 66 चौके और 19 छक्के भी लगाए थे।

आरसीबी को अगर आईपीएल 2026 में अपने खिताब की रक्षा करनी है, तो इसमें विराट कोहली की भूमिका अहम होने वाली है। टीम प्रबंधन शीर्ष क्रम में एक बार फिर उनसे निरंतर बेहतर और प्रभावी प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।

हालांकि, विराट कोहली आरसीबी के साथ पहले सीजन से जुड़े हुए हैं। उनके प्रदर्शन में निरंतरता रहती है। लगभग हर साल वह टीम की तरफ से शीर्ष स्कोरर रहते हैं। कोहली लीग के इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाज हैं। उनके नाम सर्वाधिक रन और शतक का रिकॉर्ड है। कोहली ने 267 मैचों में आठ शतक और 63 अर्धशतक लगाते हुए 8,661 रन बनाए हैं।

विराट 2013 से 2021 तक आरसीबी के कप्तान भी रहे हैं। कोहली की कप्तानी में आरसीबी 2016 का फाइनल खेली थी, लेकिन खिताब जीतने में सफल नहीं रही थी। आरसीबी ने पिछले सीजन अपना पहला खिताब रजत पाटीदार की कप्तानी में जीता था।

आईपीएल 2026 में भी पाटीदार की कप्तानी और बल्लेबाजी पर आरसीबी फैंस की नजर रहेगी। आरसीबी और एसआरएच के बीच सीजन का पहला मैच 28 मार्च को खेला जाएगा।

# विवाद में अब ललित मोदी की एंट्री! काव्या मारन पर कसा तंज



नई दिल्ली। सनराइजर्स द्वारा पाकिस्तानी खिलाड़ी अबरार अहमद को खरीदने के बाद विवाद बढ़ गया है। इस बीच ललित मोदी के 'कॉल मी' पोस्ट ने मामला और गरमा दिया। आईपीएल में पाक खिलाड़ियों पर रोक के बीच यह फैसला चर्चा का विषय बना हुआ है।

इंग्लैंड की 'द हंड्रेड' लीग की नीलामी में अबरार अहमद को सनराइजर्स फ्रेंचाइजी द्वारा खरीदे जाने के बाद बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। काव्या मारन की मालिकाना हक वाली टीम ने उन्हें 1,90,000 पाउंड (करीब 2.34 करोड़ रुपये) में खरीदा। इस फैसले के बाद सोशल मीडिया पर भारी विरोध देखने को मिला।

यहां तक कि सनराइजर्स लीड्स का आधिकारिक अकाउंट भी कुछ समय के लिए सस्पेंड कर दिया गया। इस विवाद के बीच पूर्व आईपीएल चेयरमैन ललित मोदी ने एक क्रिप्टिक पोस्ट कर सनसनी फैला दी।

**आईपीएल नियमों के चलते बढ़ा विवाद**

दरअसल, आईपीएल में पाकिस्तान खिलाड़ी बैन हैं और पड़ोसी मुल्क के खिलाड़ी 2008 के बाद इस लीग में हिस्सा नहीं ले सके हैं। मुंबई आतंकी हमले के बाद भारतीय क्रिकेट में पाकिस्तानी खिलाड़ियों की एंट्री पर रोक लग गई थी। ऐसे में आमतौर पर भारतीय फ्रेंचाइजी विदेशी लीग्स में भी पाकिस्तानी खिलाड़ियों से दूरी बनाए रखती हैं, लेकिन इस बार सनराइजर्स के फैसले ने इस परंपरा को तोड़ दिया।

# अगस्त में फिर आमने-सामने आएंगी भारत-पाकिस्तान की टीमें




**नई दिल्ली।** एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के ड्रॉ में भारत और पाकिस्तान को पुरुषों के पूल डी में साथ रखा गया है, जहां उनके साथ इंग्लैंड और वेल्स भी हैं। महिला वर्ग में भारत पूल डी में चीन, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के साथ है। टूर्नामेंट अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड्स में खेला जाएगा।

भारत और पाकिस्तान को मेंस एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के लिए 'पूल डी' में रखा गया है। बेल्जियम और नीदरलैंड्स की सह-मेजबानी में आयोजित इस टूर्नामेंट में दोनों टीमें अपने मैच नीदरलैंड्स के एम्स्टर्डम में खेलेंगी। ये मुकाबले 15 से 30 अगस्त तक एम्स्टर्डम और वेव्रे (बेल्जियम) में आयोजित होंगे। मंगलवार को नीदरलैंड्स के एम्स्टर्डम स्थित प्रतिष्ठित 'वैगेनर स्टेडियम' में एक रोमांचक आधिकारिक ड्रॉ समारोह आयोजित किया गया। यह उन दो स्थानों में से एक है, जहां आगामी विश्व कप के मैच खेले जाएंगे।

# छह स्टार की चोट ने बढ़ाई मुश्किलें अब भी रिहैब में, फ्रेंचाइजियों को होगा नुकसान

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 का 28 मार्च से आगाज होने वाला है। लीग का यह 19वां सत्र होगा। टी20 विश्वकप 2026 के बाद अब फैंस को फटाफट क्रिकेट का नया रोमांच मिलेगा। पिछले सीजन में 200+ के कई स्कोर बने थे। ऐसे में इस बार 300 बनने की उम्मीद भी की जा रही है। हालांकि, इसमें सबसे बड़ा रोड़ा खिलाड़ियों की चोट है। लीग शुरू होने में अब 10 दिन बचे हैं, लेकिन कुछ बड़े खिलाड़ी अब भी रिहैब में हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि ये खिलाड़ी आईपीएल का ज्यादातर हिस्सा चोट की वजह से मिस कर सकते हैं। इन खिलाड़ियों के नहीं होने से चार टीमों पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइटराइडर्स के तो दो-दो अहम गेंदबाज चोटिल हैं।



### 1. हर्षित राणा

आईपीएल 2026 के आगाज का काउंटडाउन शुरू हो गया है। हालांकि, इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स को बड़ा झटका लगा है। टीम के युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा घुटने की सर्जरी के कारण टूर्नामेंट के बड़े हिस्से से बाहर रह सकते हैं। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के मुताबिक, राणा ने फरवरी में घुटने की सर्जरी कराई थी और फिलहाल वह रिहैब की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी फिटनेस पर नजर रखे हुए है, लेकिन अभी तक उनकी वापसी की कोई तय तारीख सामने नहीं आई है।

### 2. पैट कमिंस

सनराइजर्स हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस फिलहाल पीठ की चोट से जूझ रहे हैं और इसी कारण वह आईपीएल 2026 के पहले हाफ से बाहर रह सकते हैं। ऐसे में सनराइजर्स के लिए परेशानियों बढ़ गई हैं। टीम को ये विचार करना है कि कमिंस की गैरमौजूदगी में टीम की कमान कौन संभालेगा। कमिंस की कप्तानी में टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है। 2024 में ये टीम फाइनल में पहुंची थी, लेकिन 2026 में छठे स्थान पर रही। कमिंस ने दिसंबर 2025 में एडिलेड में खेले गए तीसरे एशेज टेस्ट के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है।

### 3. जोश हेजलवुड

गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के बिना अपने अभियान की शुरूआत करने के लिए तैयार नजर आ रही है। हेजलवुड फिलहाल चोट से उबरने की प्रक्रिया में हैं। इस चोट की वजह से वह पूरी एशेज सीरीज और टी20 विश्व कप से बाहर रहे। आरसीबी के स्टार गेंदबाज को हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। जब वह ठीक हुए, तब उनकी एड़ी में तकलीफ शुरू हो गई। अभी की जानकारी के मुताबिक, आईपीएल 2026 में वह अपनी फ्रेंचाइजी के लिए शुरूआती दो मैच नहीं खेल सकेंगे।

### 4. मथीशा पथिराना

पिछले कुछ सीजन तक चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने के बाद अब श्रीलंका के स्टार तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते नजर आएंगे। उन्हें पिछले ऑक्शन में केकेआर ने 18 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। हालांकि, पथिराना का भी पहले हाफ में खेलना मुश्किल है। वह काफ इंजरी और बाएं पैर की मांसपेशियों में चोट से परेशान हैं। टी20 विश्वकप में उन्हें चोट लगी थी और वह रिप्लेस हुए थे। पथिराना की वापसी की तारीफ अभी तय नहीं है।

### 5. वानिंदु हसरंगा

वानिंदु हसरंगा आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए शुरूआती मैच मिस कर सकते हैं। उनके बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट है, जिसके चलते वह टी20 वर्ल्ड कप 2026 से भी बाहर हो गए थे। लखनऊ ने उन्हें मिनी ऑक्शन में दो करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन उनकी फिटनेस टीम के लिए चिंता बनी हुई है।

### 6. ईशान मलिंगा

ईशान मलिंगा कंधे के डिसलोकेशन के कारण आईपीएल 2026 की शुरूआत में उपलब्ध नहीं रह सकते। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए यह बड़ा झटका हो सकता है, क्योंकि फ्रेंचाइजी ने उन्हें 1.2 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। साथ ही कमिंस की गैरमौजूदगी में ईशान पर जिम्मेदारी होती, लेकिन उनके भी नहीं रहने से सनराइजर्स की गेंदबाजी थोड़ी कमजोर दिख रही है। ईशान की रिकवरी पर अब सभी की नजरें टिकी हैं।

# बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड मुश्किल में, बीसीबी पर कोई भी फैसला आईसीसी से सलाह लेंगे

## नई सरकार टी-20 विश्व कप से बाहर रहने के फैसले की जांच करेगी






**ढाका।** बीसीबी ने हाल ही में मंत्रालय से पिछली जांच बंद करने की अपील की थी, लेकिन इसके ठीक अगले दिन नई जांच की घोषणा ने बोर्ड और सरकार के बीच बढ़ते तनाव को उजागर कर दिया है।

टी20 विश्व कप 2026 से बाहर होने का बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) का फैसला उसके गले की फांस बनते जा रहा है। बांग्लादेश की नई सरकार ने इस मामले की जांच शुरू करने का फैसला लिया है। खेल मंत्री अमीनुल हक ने कहा है कि बीसीबी पर कोई भी फैसला लेने से पहले वह आईसीसी से सलाह लेंगे। अमीनुल ने कहा है कि ईद के बाद एक नई जांच कमेटी गठित की जाएगी। यह कमेटी इस बात की पड़ताल करेगी कि क्या भारत और श्रीलंका में आयोजित इस टूर्नामेंट से हटने का फैसला स्पोर्ट्स डिप्लोमेसी में विफलता का नतीजा था।

बांग्लादेश के खेल मंत्रालय ने 11 मार्च को बीसीबी चुनावों में गड़बड़ियों, हेरफेर और पावर के गलत इस्तेमाल के आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी बनाई थी। खेल मंत्री ने कहा था कि जांच कमेटी यह भी तय करेगी कि स्पोर्ट्स डिप्लोमेसी में कमी क्यों आई और भविष्य में गलती न दोहराई जाए। बीसीबी ने सरकार की इस कार्रवाई को दखलअंदाजी बताया था।

अमीनुल हक ने कहा है कि जांच के लिए गठित पांच सदस्यीय कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद वह इस मामले पर आईसीसी से बात करेंगे। उन्होंने कहा, 'हम सभी जानते हैं कि पिछले साल बीसीबी चुनावों में हमारी पिछली सरकार ने सीधे दखलअंदाजी की थी। मैंने इस बारे में कई बार बात की है। ढाका क्लब और जिलों के आरोपों के बाद, हमने एक जांच कमिटी बनाई है। मैं रिपोर्ट पढ़ने और आईसीसी से बात करने के बाद ही कोई निर्णय लूंगा।'

जब बीसीबी चुनाव हुए थे, तब तमीम इकबाल और ढाका क्लब के अधिकारियों पर चुनाव इंजीनियरिंग के आरोप लगे थे। तमीम ने चुनावों से अपनी उम्मीदवारी 1 अक्टूबर को वापस ले ली, जबकि अमीनुल ने 5 अक्टूबर को इन आरोपों से इनकार किया। खेल मंत्री ने कहा कि जांच कमिटी बीसीबी इलेक्शन कमिश्नर, बोर्ड अधिकारी और जिला प्रशासक से बात करेगी, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या पत्र भेजने के बाद नॉमिनेशन बदले गए।

बता दें कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टी20 विश्व कप 2026 में भाग लेने के लिए भारत आने से इनकार कर दिया था। बोर्ड ने आईसीसी से अपने मैच श्रीलंका में शिफ्ट करने की मांग की थी। आईसीसी ने इस मांग को नहीं माना था और बांग्लादेश के बाहर होने के फैसले के बाद स्कॉटलैंड को शामिल किया था।

मंत्री अमीनुल हक ने कहा कि सरकार यह समझना चाहती है कि क्या यह स्थिति टाली जा सकती थी। उन्होंने कहा, 'हमें यह गहराई से जांचना होगा कि हम विश्व कप में हिस्सा क्यों नहीं ले पाए और हमारी स्पोर्ट्स डिप्लोमेसी में कमी कहां रह गई।'

उन्होंने कहा कि यह मामला सिर्फ टूर्नामेंट तक सीमित नहीं है, बल्कि बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय खेल संबंधों और निर्णय लेने की प्रक्रिया में मौजूद कमियों को भी उजागर करता है। सरकार इस जांच को बीसीबी के हालिया चुनावों में कथित अनियमितताओं से जोड़कर भी देख रही है।

## पीवी सिंधू की युवा खिलाड़ियों को सलाह

# आप पूरी जिंदगी खेलते नहीं रह सकते

**गुरुग्राम।** पीवी सिंधू ने कहा कि खेल के साथ शिक्षा बेहद जरूरी है क्योंकि स्पोर्ट्स करियर छोटा और जोखिम भरा होता है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं को सलाह दी कि पढ़ाई को नजरअंदाज न करें और जीवन के लिए हमेशा बैकअप तैयार रखें। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू ने युवाओं को बड़ा संदेश देते हुए कहा कि खेल के साथ-साथ शिक्षा पर भी ध्यान देना बेहद जरूरी है। गुरुग्राम के एक कार्यक्रम में उन्होंने साफ कहा कि सिर्फ खेल पर निर्भर रहना जोखिम भरा हो सकता है।

**'पूरी जिंदगी खेल नहीं सकते'**

सिंधू ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'आप पूरी जिंदगी खेल नहीं सकते। एक समय आता है जब आपको रिटायर होना पड़ता है। लेकिन शिक्षा हमेशा आपके साथ रहती है।' उन्होंने यह भी बताया कि खेल करियर सीमित होता है, जबकि पढ़ाई जीवनभर काम आती है।



**खेल और पढ़ाई दोनों जरूरी**

सिंधू ने जोर देकर कहा कि पढ़ाई और खेल दोनों को साथ लेकर चलना चाहिए। उन्होंने कहा, 'कोई भी सोने का चम्मच लेकर पैदा नहीं होता। मेहनत पढ़ाई में भी जरूरी है और खेल में भी। दोनों बराबर महत्वपूर्ण हैं।' उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने खुद एमबीए किया है और ट्रेनिंग के साथ पढ़ाई करना आसान नहीं था। पीवी सिंधू ने बताया कि खेल में चोट कभी भी आ सकती है और यह करियर खत्म भी कर सकती है। उन्होंने कहा, 'स्पोर्ट्स बहुत रिस्की है। चोट कब लग जाए, पता नहीं चलता। उस समय आपको जीवन के लिए तैयार रहना चाहिए।'

19 Mar -26 page 6 18-03-2026 22:42 Page 1






# विधायक संजीव शर्मा ने 'जंगल बुक कार्निवल' मेले का किया उद्घाटन

## जंगल थीम, जल परी और आधुनिक झूलों से बच्चों के लिए खास आकर्षण





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रामलीला मैदान, घंटाघर में आयोजित जंगल बुक कार्निवल मेले का उद्घाटन सदर विधायक संजीव शर्मा ने मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर किया।

### पहली बार शहर में आधुनिक झूलों का अनुभव

श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल, महामंत्री नरेश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल (मोनू) ने बताया कि मेले में आधुनिक झूले लगाए गए हैं, जो शहर में पहली बार देखने को मिलेंगे और बच्चों को खासा आकर्षित करेंगे।

### खाद्य स्टॉल और खरीदारी की भी सुविधा

मेले में शुद्ध एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाए गए हैं। इसके साथ ही महिलाओं के लिए विभिन्न खरीदारी स्टॉल और आकर्षक सेल्फी पॉइंट भी बनाए गए हैं।

### सामान्य शुल्क में सभी के लिए प्रवेश

मेले में प्रवेश शुल्क मात्र 30 रुपये रखा गया है, जिससे हर वर्ग के लोग आसानी से इसका आनंद ले सकते हैं।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल (मेंदी वाले), वीरेंद्र कुमार (वीरो बाबा), अजय चौपड़ा, धर्मेंद्र, संजीव मित्तल, राकेश स्वामी, राजेश शर्मा, दिनेश शर्मा (बब्बे), अनिल चौधरी, नंद किशोर (नंदू), विपिन गोयल, अनुज मित्तल, मनीष दीक्षित, तनुज गंभीर, पार्षद नीरज गोयल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**बच्चों के लिए खास मनोरंजन का केंद्र बनेगा मेला**

विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि यह मेला शहर के बच्चों के लिए बेहद मनोरंजक और आकर्षक साबित होगा। पूरे कार्निवल को जंगल थीम पर आधुनिक लाइटिंग के साथ सजाया गया है, जिसमें जल परी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी।

# 11 लाख की ठगी का आरोप लगाने वाला व्यक्ति संदिग्ध दशा में लापता

**हापुड़।** गांव सालारपुर में महिला ने 11 लाख रुपये हड़पने के मामले में शिकायत करने वाला व्यक्ति संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गया है, जिससे परिजनों में चिंता का माहौल है।




पीड़ित के भतीजे अमित कुमार ने बताया कि उनके चाचा सुंदर को एक महिला ने शादी का झांसा देकर अपने जाल में फंसा लिया। अमित का आरोप है कि महिला ने धीरे-धीरे उनसे करीब 11 लाख रुपये हड़प लिए। जब सुंदर को अपने साथ की जा रही धोखाधड़ी का एहसास हुआ और उन्होंने इस मामले में शिकायत की, तभी से परिस्थितियां संदिग्ध हो गईं। परिजनों का कहना है कि सुंदर 13 मार्च से अचानक लापता हैं और उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है। उनका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। परिवार को अनहोनी की आशंका सता रही है। अमित ने पुलिस प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द सुंदर की तलाश कर सकुशल बरामदगी की मांग की है। सीओ स्तुति सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। व्यक्ति की तलाश कराई जा रही है।

# लोनी बॉर्डर स्थित एक फर्नीचर बनाने वाली फैक्टरी में लगी भीषण आग



**गाजियाबाद(करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के दो नंबर नीलम फैक्टरी मार्ग स्थित फैक्टरी में बुधवार दोपहर अचानक आग लग गई। आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया।

सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि आग 100 फुटा रोड पर नरेश इंडस्ट्रियल एरिया में 300 वर्ग मीटर के भूखंड पर भूतल पर टीन शेड में सोहेल अंसारी की फैक्टरी में लगी। फैक्टरी में मैरिज/बैंकेट हॉल के लिए फर्नीचर (जैसे खाने के काउंटर, टेबल, चेयर इत्यादि) बनाने का काम होता है। आग लगने से टीन शेड का अस्थाई ढांचा जमीन पर आ गिरा और आग उसके नीचे दबे हुए सामान में जल रही थी। जिसको कि फायर सर्विस यूनिट्स ने पानी डालकर बुझाया। इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने का कारण बराबर वाले भूखंड पर निर्माण कार्य में हो रही इलेक्ट्रिक वेल्डिंग की चिंगारियां गिरना रहा है।

# मनचले आशिक ने लड़की को जान से मारने की नियत से गले में ब्लेड से वार किया

## पुलिस ने दो माह से फरार आशिक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**लोनी, करंट क्राइम।** ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने मनचले आशिक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है 28 जनवरी को पूजा कॉलोनी शनिबाजार की रहने वाली एक महिला ने अपनी पुत्री को जान से मारने की नियत से पडोस में रहने वाले मुकिम के विरुध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसका आरोप था कि मुकिम ने जबरन घर में घुसकर महिला की पुत्री के गले में ब्लेड से वार कर घायल कर दिया और फरार हो गया। पुलिस टीम मुकिम की तलाश में थी कि बुधवार को पुस्ता चौकी के पास से गिरफ्तार कर लिया।

**साक्ष्यों के आधार पर बदली गई धाराएं:** तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की। शुरूआत में बीएनएस की बनती धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली थी, लेकिन जांच में मिलते तथ्यों और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने दर्ज प्राथमिकी में एक अन्य धारा भी बढ़ा दी थी।



**पुलिस टीम ने दबोचा आरोपी**

पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की थी। लगातार प्रयास के बाद बुधवार को पुलिस ने मुकिम को चौकी क्षेत्र पुस्ता से गिरफ्तार कर लिया।

एसीपी सिधार्थ गौतम ने बताया कि मुकिम पुत्र मोतिन मूलरूप से जॉनू का रहने वाला है हाल पता पूजा कॉलोनी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जब उससे पूछतांछ की तो उसने बताया कि लड़की से उसकी बातचीत होती रहती थी 28 जनवरी को फोन किया तो लड़की ने फोन रिसीव नही किया गुस्से में आकर लड़की के घर में घुस गया और उसके गले में ब्लेड से वार किया पर वह बच गई पुलिस ने मनचले आशिक को जेल भेज दिया है।

**एकतरफा प्यार में किया हमला**

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह और पीड़िता के परिवार वाले एक ही इलाके में रहते हैं और एक फैक्ट्री में काम करते हैं। इसी दौरान उसकी युवती से जान-पहचान हुई थी।

**पहले से भी दर्ज है मामला**

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ इस मामले के अलावा पॉक्सो एक्ट के तहत भी एक मुकदमा दर्ज है। उसके अन्य आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

**आगे की कार्रवाई जारी**

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मोबाइल फोन रिपेयरिंग विवाद में घर में घुसकर हमला, बुजुर्ग समेत कई घायल



**गाजियाबाद।** थाना क्षेत्र के देहरा गांव में मोबाइल फोन रिपेयरिंग को लेकर शुरू हुआ विवाद सोमवार देर रात हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि करीब डेढ़ दर्जन लोगों ने एकजुट होकर एक घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इसमें 80 वर्षीय बुजुर्ग समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। ग्रामीण शाहिद के अनुसार उनके भतीजे शोएब ने दो दिन पहले गांव की एक दुकान पर अपना मोबाइल कवर और ग्लास बदलवाने के लिए दिया था। आरोप है कि इसी दौरान मोबाइल कवर टूट गया, जिस पर दुकानदार ने शोएब से 500 रुपये की मांग की। इसको लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई थी।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि सोमवार देर रात करीब 15-16 लोग एकजुट होकर शोएब के घर में घुस आए और हमला कर दिया। हमले में जब्बार (80), जाहिद, इमरान, नजमा, साजमा, शादाब, साजिद और जीशान सहित कई लोग घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौलाना में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को दिल्ली स्थित एम्स रेफर किया गया है। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गाजियाबाद में एनएच-9 के पास 4.99 करोड़ रुपये से सड़क व नाला बनाने का कार्य शुरू

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** एनएच-नौ से सटे बागू व भीमनगर में रहने वाले लोगों को नाला निर्माण कार्य न होने और सड़क न बनने के कारण हो रही परेशानी से जल्द निजात मिलेगी।



शहर विधायक के प्रस्ताव पर शासन से अनुमति मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग ने 4.99 करोड़ रुपये की लागत से सड़क न नाले का निर्माण कार्य करना शुरू कर दिया है।

सोमवार को शहर विधायक संजीव शर्मा ने निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया है और जल्द ही कार्य पूरा कराने के निर्देश भी पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए हैं।

वार्ड संख्या एक के लोग सालों से परेशान

वार्ड संख्या एक कृष्णा नगर बागू में भारत पेट्रोल पंप से रोजबेली पब्लिक स्कूल तक सड़क व नाले का निर्माण कार्य न होने के कारण लोगों को कई साल से दिक्कत हो रही थी।

वर्षा होने के बाद जलभराव हो जाता है, इससे लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल होता था। नगर निगम और जिला प्रशासन से कई बार समस्या के समाधान की मांग की गई।

शहर विधायक ने बताया कि लोगों ने इस समस्या को उनके संज्ञान में लेकर आए तो उन्होंने प्रस्ताव बनाकर दिया। प्रस्ताव को शासन से अनुमति मिलने के बाद अब कार्य शुरू कराया गया है।

शहर विधायक ने गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य को समय पर पूरा करने के लिए निर्देश दिए हैं, जिससे कि इस मानसून सीजन में लोगों को पिछली बार की तरफ परेशानी न हो।

# डीसीपी ने किया रबूपुरा थाने का औचक निरीक्षण



**नोएडा।** थाने की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए बुधवार को डीसीपी ग्रेटर नोएडा प्रवीण रंजन ने थाने का औचक निरीक्षण किया। थाने पहुंचकर उन्होंने प्राथमिकी रजिस्टर, महिला केंद्र समेत थाने की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीसीपी ने पुलिस अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि थाने में आने वाली सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाए। अपराध करने वाले लोगों को बिल्कुल बक्शा न जाए और तत्काल कार्रवाई की जाए।

# राज्य स्तरीय बॉक्सिंग में आठ बॉक्सर दिखाएंगे दम

**नोएडा।** हापुड़ में यूथ अंडर-19 कैटेगरी में राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए बुधवार को जिला स्तरीय ट्रायल हुए। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले आठ बॉक्सरों का चयन प्रदेशीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव प्रवेश बैसोया ने बताया कि ट्रायल में विभिन्न भार वर्ग में 25 से अधिक बॉक्सर शामिल हुए।



इनमें बालक वर्ग के 47-50 किग्रा भार वर्ग में राज, 50-55 किग्रा में मौरिस श्रीवास्तव, 55-60 किग्रा में आयुष सिंह, 60-65 किग्रा में कुलदीप ने बेहतर प्रदर्शन किया। वहीं, बालिका वर्ग में 45-48 किग्रा में अंबिका सिंह, 51-54 किग्रा में प्रिया, 54-57 किग्रा में रिया, 75-80 किग्रा में अवनी का चयन प्रदेशीय प्रतियोगिता के लिए हुआ हैं। प्रतियोगिता का आयोजन कोच प्रमोद कुमार, एनआईएस कोच सोनम व ज्योति नागर की देखरेख में संपन्न हुआ। चुने गए आठों खिलाड़ी हापुड़ के श्रीमूलचंद त्यागी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 1 से 5 अप्रैल तक होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मुकाबला करेंगे।

# बुजुर्ग महिला से बाइक सवार बदमाशों ने लूटे कुंडल

**साहिबाबाद करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र स्थित बुध बाजार के पास 74 वर्षीय गोमती यादव से बाइक सवार दो बदमाशों ने कुंडल लूट लिए। इस दौरान बुजुर्ग का कान भी फट गया और कई टांके उनकों लगे हैं। वारदात 11 मार्च की सुबह करीब नौ बजे हुई। महिला के पति धनराज सिंह यादव ने पुलिस से तहरीर देकर शिकायत की है। हालांकि अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

धनराज की ओर से पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 मार्च की सुबह उनकी पत्नी गोमती बुध बाजार रोड पर गई थीं। रास्ते में बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर कुंडल लूट तो उनकी पत्नी गोमती का एक कान भी फट गया। घटना के बाद बदमाश भाग गए। गोमती के कान से खून निकला तो राहगीरों ने तुरंत उनको पास के अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने गोमती के कान में टांके लगाए और प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। वारदात के दिन वह अपने पैतृक गांव गए हुए थे। मंगलवार को वह गांव से लौटे और तहरीर लेकर थाने पहुंचे। बुजुर्ग धनराज के परिचित शालीमार गार्डन निवासी प्रमोद जोशी ने बताया कि घटना की तहरीर लेकर थाने पहुंचे तो वहां पर शिकायत ली ही नहीं। इसके बाद जब आला अधिकारियों के पास जाने की बात कही तो उप निरीक्षक ने तहरीर लेकर घटनास्थल का मुआयना किया। हालांकि रिपोर्ट अभी भी दर्ज नहीं की है और न ही लुटेरों को पकड़ने के लिए कोई कार्रवाई शुरू की है।

# हत्या कर शव कब्रिस्तान के पास फेंका, लोहे के तारों में उलझा मिला, 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत से सनसनी

**हापुड़ करंट क्राइम।** गढ़मुक्तेश्वर के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी 40 वर्षीय राजकुमार की हत्या कर शव कब्रिस्तान के पास फेंकने का मामला सामने आया है। बुधवार सुबह उनका शव कब्रिस्तान में लोहे के तारों में उलझा हुआ मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।




सुबह के समय जब स्थानीय लोग कब्रिस्तान की ओर गए, तो उन्होंने शव को तारों में फंसा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार बिष्ट ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने शुरू किए।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में हत्या की आशंका जताई जा रही है, जिससे मामले ने गंभीर रूप ले लिया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और संभावित आरोपियों की तलाश में जुटी है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोग इस वारदात को लेकर चिंतित हैं। सीओ स्तुति सिंह का कहना है कि मामले में गंभीरता से जांच कराई जा रही है।

# सड़क हादसे में घायल, 13 दिन से वेंटिलेटर पर...प्राथमिकी दर्ज

**खोड़ा करंट क्राइम।** थानाक्षेत्र स्थित लेबर चौक के पास तीन मार्च को हुए सड़क हादसे में घायल होने वाले गली नंबर 205 निवासी शुभम चौधरी की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के 13 दिन बाद भी उन्हें होश नहीं आया है और उन्हें वेंटीलेटर पर रखा गया है। वहीं, हादसे के 13 दिन बाद शुभम की मां प्रेमवती की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

प्रेमवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बेटे शुभम की लेबर चौक पर दुकान है। तीन मार्च को वह स्कूटी से दुकान की तरफ जा रहा था। किसी कार्य के चलते वह सड़क किनारे स्कूटी रोककर खड़े थे और उसी समय एक तेज रफ्तार कार ने उनके बेटे को टक्कर मार दी। चालक नशे में बताया जा रहा है। हादसे में वह बुरी तरह घायल हो गया और लोगों ने पुलिस की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल से उनके पास हादसे की खबर आई। वह अस्पताल पहुंची तब डॉक्टरों ने बताया कि सिर की गंभीर चोट है और बड़ा आपरेशन करना होगा। इसके बाद वह बेटे को रेफर करा दिल्ली एम्स ले गईं। यहां सर्जरी हुई लेकिन बेटे को होश नहीं आया। बताया कि 13 बाद चिकित्सकों ने उसे वेंटिलेटर पर रखा है। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि कार का नंबर ट्रेस कर लिया गया है। जल्द ही चालक और उसके साथ मौजूद लोगों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अल्ट्राटेक के नाम से बेचा जा रहा नकली सीमेंट पकड़ा

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित क्रॉउन बिस्किट फैक्टरी के बराबर में बने गोदाम में नगर कोतवाली और अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के प्रतिनिधियों ने छापा मारा। जहां अल्ट्राटेक का मार्का लगाकर नकली सीमेंट बरामद किया गया है। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। एसीपी नगर कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि विश्वकर्मा कॉलोनी में रहने वाले संजय कुमार के मुताबिक वह ब्लई स्टेलीसेंस सर्विस प्रालि में सीनियर मैनेजर हैं। अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी ने नकली उत्पादों की रोकथाम और बिक्री बंद कराने के लिए उन्हें नियुक्त किया है।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** परिवार में अगर प्यार है तो फिर यही सबसे खुशहाल संसार है। परिवार को एक सूत्र में बांध कर खुशियों को साझा किया है चंचल गौतम ने। परिवार को एक साथ लेकर चलना और रिश्तों को उनकी मिठास के साथ कायम रखना आपके व्यवहार से आता है। ये सामान्य पारिवारिक जीवन की छवि हैं लेकिन आज के पारिवारिक मूल्यों का एक बड़ा संदेश इस पोस्ट के भीतर छुपा है। परिवार में एकता है, परिवार में प्यार है तभी तो ये पार्टी टाईम है। परिवार की एकजुटता को अपने आप में समेटे ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# चुनिंदा युवकों को मिलते थे पाक आकाओं से निर्देश, एके 47 देने की थी तैयारी

**गाजियाबाद।** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के सहयोग से आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने भारत में स्लीपर सेल के 150 युवकों को वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जोड़ा था। इन युवाओं को काम भी बांट दिए गए थे।



सभी 150 युवक हैंडलरों से संपर्क नहीं कर सकते थे। छह आरोपितों में सुहेल और प्रवीण ही हैंडलरों से संपर्क कर सकते थे। स्लीपर सेल के इन सदस्यों को एके 47 रायफल जैसे हथियार मुहैया कराए जाने थे।

सुरक्षा एजेंशियों को अंदेशा है कि पाकिस्तान से आतंकी कश्मीर के रास्ते दिल्ली भेजे जाने थे। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि हमला भीड़भीड़ वाले स्थान और सैन्य ठिकानों पर किया जाना था।

सुरक्षा एजेंसियां पता करने में जुटी हैं कि हथियारों को किस स्थान पर छिपाया जाना था। एजेंसियों ने अन्य आरोपितों की तलाश तेज कर दी है।

**गाजियाबाद पुलिस की सक्रियता से धरे गए आतंकी**

देश में बड़े आतंकी हमलों के लिए कुख्यात आतंकी संगठन जैश ने फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी में डॉक्टरों का आतंकी नेटवर्क खड़ा कर दिया था।

नवंबर में सुरक्षा एजेंसियों ने इस सफेदपोश नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया था। इसमें कई चिकित्सकों को गिरफ्तार किया गया था। सुरक्षा एजेंसियों से बच निकलने में कामयाब रहे इन्हीं में से एक आतंकी ने 10 नवंबर को लालकिला के सामने आत्मघाती धमाका किया था।

**बड़े हमलों की साजिश रच रहा था जैश**

अब यह आतंकी संगठन आईएसआई की मदद से 150 से अधिक युवकों को जोड़कर देश में बड़े हमलों की साजिश रच रहा था।

वे अपने मंसूबों में कामयाब हो पाते, उससे पहले ही गाजियाबाद में छह आरोपित पकड़े गए और नेटवर्क का पदार्फाश कर दिया। आरोपितों का जैश आतंकी फरातुल्ला घोरी से कनेक्शन भी सामने आया था।

छह आरोपितों को सात दिन का पुलिस रिमांड मिला एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा के मुताबिक, पकड़े गए छह आरोपितों का सात दिनों का रिमांड स्वीकृत हुआ है। पुलिस उन्हें जेल से रिमांड पर पूछताछ के लिए लेकर आएगी।

# 2200 किग्रा से ज्यादा वजन वाला अमेरिकी बम कितना घातक

**इस्लामाबाद।** 2200 किलो से ज्यादा वजनी अमेरिकी बंकर बस्टर बम आखिर कितना खतरनाक है? ईरान में हमला करने के लिए अमेरिका ने इसका इस्तेमाल क्यों किया? यह सवाल अमेरिका की तरफ से ईरान के तटीय इलाकों और होर्मुज जलडमरूमध्य पर 5,000 पाउंड के भारी बंकर बस्टर बमों से हमला करने बाद खड़े हो रहे हैं। आइए बंकर बस्टर बम के बारे में जानते हैं।

अमेरिका के इस ताजा हमलों ने साफ कर दिया है कि अब यह संघर्ष सिर्फ सतही नहीं, बल्कि जमीन के नीचे छिपे सैन्य ढांचे को खत्म करने की रणनीति तक पहुंच चुका है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर इतने खतरनाक बंकर बस्टर बम ही क्यों चुने गए और ये कितने घातक हैं? आइए जानते हैं।

बंकर बस्टर बम के बारे में जानने से पहले 19 दिनों से पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर एक नजर डालते हैं।




इसका कारण है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-ब-दिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी इस्राइल और खाड़ी देशों में मैजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब 19वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है।

इस संघर्ष का बड़ा प्रभाव दुनिया की तेल आपूर्ति और खाड़ी देशों पर साफ-साफ पड़ता नजर आ रहा है। खाड़ी देश इसलिए, क्योंकि जहां एक ओर अमेरिका और इस्राइल ईरान पर लगातार हमले कर रहा है। वहीं दूसरी ओर ईरान इस्राइल व खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से कहर बरपा रहा है।

### अब 5000 पाउंड वजनी बंकर बस्टर बम के बारे में जानते हैं

बता दें कि बंकर बस्टर बेहद ताकतवर विस्फोटक हैं, जो जमीन के काफी अंदर तक मार कर सकते हैं। आम तौर पर इन्हें बंकरों को तबाह करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। जीपीएस गाइडेड इन बमों को बेहद सुरक्षित माने जाने वाले ठिकानों को निशाना बनाया जाता है।

अमेरिका ने फोर्डो को निशाना बनाने के लिए इसका इस्तेमाल किया। बंकर बस्टर बम का वजन 2200 से ज्यादा किलोग्राम है और यह जमीन के अंदर 200 फीट तक घुसकर मार कर सकता है।

20 फीट लंबे और 2.6 फीट व्यास वाले इस विमान को एयर फोर्स रिसर्च लेबोरेटरी के म्यूनिशन डायरेक्टोरेट ने विकसित किया है और बोइंग ने इसका डिजाइन और परीक्षण किया है। अमेरिका ने ईरान पर हमले में 12 बंकर बस्टर बम का इस्तेमाल किया।

ऐसे में चूंकि ईरान ने अपने कई सैन्य ठिकाने जमीन के नीचे बना रखे हैं, इसलिए ऐसे बमों का इस्तेमाल ज्यादा असरदार माना जाता है। साथ ही इसका बड़ा कारण ये भी है कि 19 दिनों से जारी इस संघर्ष के चलते वैश्विक तेल आपूर्ति पर इसका बड़ा प्रभाव पड़ा है। ऐसे में होर्मुज पर इस हमले के जरिए अमेरिका ने ईरान को सख्त संदेश दिए हैं कि अगर होर्मुज को नहीं खोला गया तो अमेरिका का अगला हमला और खतरनाक हो सकता है।

### अमेरिका ने इस बम से हमला क्यों किया



पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच अमेरिका ने ईरान के तटीय इलाकों और होर्मुज जलडमरूमध्य के पास बने मिसाइल ठिकानों पर हमला करने के लिए बंकर बस्टर बम का इस्तेमाल किया। क्यों किया और इसी बम को क्यों चुना गया? इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि इन बमों को खासतौर पर जमीन के अंदर बने मजबूत और सुरक्षित ठिकानों को नष्ट करने के लिए बनाया जाता है। ये बम पहले जमीन या कंक्रीट की मोटी परत को भेदते हैं और फिर अंदर जाकर विस्फोट करते हैं, जिससे छिपे हुए मिसाइल बेस और सुरंगें भी तबाह हो जाती हैं।

# उत्तर कोरिया चुनावः किम जोंग को नहीं मिला 100% वोट, विरोध में कितने और कौन

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के 2026 के संसदीय चुनावों में सर्वोच्च नेता किम जोंग उन को 99.93% वोट मिले, लेकिन 0.07% मतदाताओं ने विरोध किया। यह 1957 के बाद पहली बार है जब वहां के चुनाव में ऐसा हुआ है। कौन हैं ये लोग? क्या सरकार ने इसे सच में स्वीकार किया या सिर्फ दिखावा है? कुल मिलाकर इस विरोध ने देश के चुनावी आंकड़ों और सोशल मीडिया पर नई चर्चा शुरू कर दी है।

उत्तर कोरिया में 2026 के संसदीय चुनावों ने एक बार फिर वैश्विक ध्यान खींचा है। सरकारी मीडिया केसीएनए के अनुसार, देश के सर्वोच्च नेता किम जोंग उन और उनकी वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया ने एक बार फिर लगभग सभी वोट और सभी सीटें अपने नाम करते हुए भारी बहुमत से जीत हासिल की। 15 मार्च को आयोजित इन चुनावों में 15वीं सर्वोच्च जनसभा के सदस्यों का चयन हुआ। मतदान प्रतिशत लगभग पूर्ण रहा, जिससे सरकार ने इसे जनता के समर्थन का प्रतीक बताया।



चुकी किम जोंग उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता हैं और वहां लोकतंत्र नहीं है, तो जाहिर सी बात है कि जीत उनकी ही होनी थीं। हालांकि इन सभी मामलों के बीच ध्यान खींचने वाली बात यह है कि किम की पार्टी और उसके सहयोगी दलों को 99.93 प्रतिशत वोट मिले।

इसके बाद सवाल यह उठ रहा है कि आखिर 0.7 प्रतिशत मतदाता कौन हैं, जिन्होंने किम जोंग या उनकी पार्टी को वोट नहीं दिया। ये बात सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चा में है।

# ऑपरेशन सिंदूर की मार से नहीं उबर पा रहा पाकिस्तान

## धर्म और जाति नहीं, अब पैसों की लालच से युवाओं को फंसा रहा

**इस्लामाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के आतंकी नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। खुफिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जैश और लश्कर जैसे संगठनों में भर्ती 30-40% तक घट गई है। अब आएसआई ने नई रणनीति अपनाई है, जिसमें विचारधारा नहीं बल्कि पैसे का लालच देकर युवाओं को जोड़ा जा रहा है।

दुनियाभर में कटोरा लेकर घूम रहा पाकिस्तान अभी तक ऑपरेशन सिंदूर की करारी मार से उबर नहीं पा रहा है। इसका बड़ा कारण है कि भारतीय सेना की कार्रवाई ने आतंकवाद के ढांचे को बड़ा झटका दिया है, जिसका सीधा असर आतंकी संगठनों की भर्ती पर पड़ा है। पहले जहां जैश और लश्कर जैसे संगठनों में आसानी से भर्ती होती थी, अब इसमें भारी गिरावट आई है। खुफिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान अब नई रणनीति के तहत युवाओं को जोड़ने की कोशिश कर रहा है, लेकिन हालात पहले जैसे नहीं रहे हैं।

**अमृतसरः** रिपोर्टस बताती हैं कि इससे पहले जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी समूहों में भर्ती आसानी से हो जाती थी। हालिया खुफिया आकलन के मुताबिक, इन समूहों में भर्ती अब लगभग 30-40 प्रतिशत कम हो गई है। इससे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने अपनी रणनीति बदल दी है। अब भर्ती धर्म या विचारधारा नहीं, बल्कि पैसे के लालच पर ज्यादा आधारित है। आईएसआई अब किसी भी धर्म, जाति या विश्वास के युवाओं को भर्ती करने के लिए तैयार है। इसके लिए बड़े पैमाने पर युवाओं को ढूंढा और पैसे का लालच दिया जा रहा है। भर्ती में शामिल लोगों को उनके काम के हिसाब से 10,000 से 2,00,000 रुपये तक दिए जा रहे हैं।




खुफिया सूत्रों के अनुसार, अब आईएसआई पैसे और बेहतर जीवनशैली की लालच देकर युवाओं को आकर्षित कर रही है। इसका मुख्य निशाना छात्र और पैसे की जरूरत वाले लोग हैं, लेकिन हाल की जांच में यह भी पता चला कि अधिकतर लोग उच्च जीवन स्तर और विलासिता के लिए भर्ती हो रहे हैं।

# ईयू ने पाकिस्तान की निंदा की, कहा- सैन्य कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन

**कराची।** 16 मार्च को काबुल के अस्पताल में पाकिस्तानी हमले पर ईयू ने निंदा की है। ईयू ने इस सैन्य कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया।

यूरोपीय संघ (ईयू) ने काबुल में एक चिकित्सा सुविधा पर पाकिस्तानी हवाई हमले की निंदा किया। उन्होंने इसे पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच चल रहे संघर्ष में एक घातक वृद्धि बताया है। यूरोपीय संघ ने दोनों पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी संभव उपाय करने का आग्रह किया। इसके साथ ही चेतावनी दी कि नागरिक और चिकित्सा सुविधाओं पर हमले अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन करते हैं।

यह बयान सोमवार रात को पाकिस्तानी हमले के बाद आया है, जिसमें काबुल के पुल-ए-चरखी इलाके में स्थित 2,000 बिस्तरों वाले ओमिद व्यसन उपचार अस्पताल को निशाना बनाया गया था, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

यूरोपीय संघ ने क्या कहा?



यूरोपीय संघ ने कहा, ह्लनागरिकों और चिकित्सा सुविधाओं को कभी भी निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए, क्योंकि वे जेनेवा सम्मेलन सहित अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत संरक्षित हैं। सैन्य अभियानों में शामिल सभी पक्षों का दायित्व है कि वे हर परिस्थिति में इन प्रावधानों का सम्मान करें।

यूरोपीय संघ ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तत्काल युद्धविराम और बातचीत फिर से शुरू करने का आह्वान करने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय का साथ दिया।

**16 मार्च को अफगानिस्तान में क्या हुआः** अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्ताकी ने मंगलवार को दावा किया कि पाकिस्तानी सेना की ओर से ओमिद नशा मुक्ति अस्पताल पर किए गए हमले में नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती 408 से अधिक मरीज मारे गए। वहीं, 265 से अधिक घायल हो गए। काबुल में राजदूतों, मिशन प्रमुखों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मुत्ताकी ने कहा कि ये हमले 16 मार्च को रात करीब 9 बजे हुए और इन्हें ₹पाकिस्तानी सैन्य शासन के सैन्य विमानों और ड्रोन₹ से अंजाम दिया गया, जिसमें जानबूझकर अफगान समाज के सबसे कमजोर समूहों में से एक को निशाना बनाया गया।



उन्होंने आगे कहा कि पीड़ित नशे के आदी व्यक्ति थे, जिनका इलाज अंतरराष्ट्रीय मानवीय संगठनों द्वारा समर्थित अफगान सरकार के कार्यक्रमों के माध्यम से किया जा रहा था, और चेतावनी दी कि यह संख्या और भी बढ़ सकती है। मुत्ताकी ने पाकिस्तान की सेना पर इस्लामी या मानवीय युद्ध सिद्धांतों की अवहेलना न करने, जानबूझकर नागरिक और मानवीय सुविधाओं पर हमला करने का आरोप लगाया और इस बात पर जोर दिया कि यह हमला रमजान के अंतिम दिनों और ईद अल-फितर की पूर्व संध्या पर हुआ। उन्होंने कहा कि अफगान सुरक्षा बलों ने आनुपातिक और रक्षात्मक उपायों के साथ जवाब दिया है, केवल उन सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है जहां से हमले किए गए थे, और दोहराया कि जब तक पाकिस्तान अपने 'उल्लंघनों और अपराधों' को बंद नहीं कर देता, तब तक ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# आईडीएफ ने किया बड़ा हमला, क्या मारे गए ईरान के खुफिया प्रमुख

**तेल अवीव।** पश्चिम एशिया संकट गहराता जा रहा है। इस्राइली रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने दावा किया कि ईरानी खुफिया प्रमुख इस्माइल खताइब को आईडीएफ ने मार गिराया है। इस्राइली मीडिया ने भी सूत्रों के हवाले से दावा किया कि खताइब पर हमला किया गया। इस्राइल रक्षा बल (आईडीए) ईरान के खुफिया प्रमुख इस्माइल खताइब को मार गिराने की कोशिश की।

यरूशलम पोस्ट ने सूत्रों के हवाले से कहा, कुछ ईरानी मीडिया संस्थानों ने भी इस हमले की कोशिश की खबर दी है। हालांकि, खताइब की स्थिति के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला मंगलवार की रात किया गया था। बुधवार को एक सूत्र ने यरूशलम पोस्ट को बताया कि हमला कामयाब रहा। लेकिन इसके नतीजों की अभी तक आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

### इस्राइली रक्षा मंत्री का दावा- मारे गए ईरानी खुफिया प्रमुख

इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने बुधवार को दावा किया कि इस्राइली सेना ने ईरान के खुफिया प्रमुख खताइब को मार गिराया है। काट्ज ने खताइब की मौत की घोषणा करते हुए कहा कि आज दोपहर सभी मोर्चों पर अहम आश्चर्यचकित कर देने वाले घटनाक्रम होने की उम्मीद है। हालांकि, उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी।



**सुलेमानी की मौत**

यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब सोमवार की रात ईरान की सर्वोच्च सुरक्षा परिषद के पूर्व सचिव अली लारीजानी (67 वर्षीय) की हत्या कर दी गई। लारीजानी खामेनेई और उनके उत्तराधिकारी मोजतबा खामेनेई के करीबी माने जाते थे। पश्चिम एशिया में पिछले 19 दिनों से संघर्ष जारी है। लारीजानी ईरानी नेतृत्व के सबसे वरिष्ठ व्यक्तियों में से एक माने जाते थे। इसके अलावा, ईरानी सरकारी मीडिया ने मंगलवार को पुष्टि की कि बसिज बल के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल गुलामरेजा सुलेमानी भी एक हमले में मारे गए। सुलेमानी पिछले छह वर्षों से इस बल का नेतृत्व कर रहे थे और सैन्य प्रतिक्रिया में अहम भूमिका निभा रहे थे। बसिज बल, ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की इकाई है। यह आंतरिक सुरक्षा के मामलों को देखती है।

**अली लारीजानी और जनरल**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अली लारीजानी की मौत के बावजूद देश की राजनीतिक व्यवस्था बहुत मजबूत है।

उन्होंने कहा उन्हें समझ नहीं आता कि अमेरिका और इस्राइल अभी तक क्यों समझ नहीं पाए हैं कि इस्लामी गणराज्य ईरान का राजनीतिक ढांचा मजबूत है, जिसमें स्थापित राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संस्थाएं शामिल हैं।

# केन्या में काउंटी सरकार का एलान, महिला कर्मचारियों को मिलेगी पीरियड्स लीव

**नई दिल्ली।** केन्या की राजधानी नैरोबी में एक नई और अनोखी पहल शुरू हुई है। यहां एक काउंटी सरकार ने महिला कर्मचारियों को हर महीने दो दिन की 'मेंस्ट्रुअल लीव' (मासिक धर्म अवकाश) देने का फैसला किया है। इस नीति की शुरूआत एक साधारण बातचीत से हुई। गवर्नर जॉनसन सकाजा और उनके मंत्रियों के बीच एक सहकर्मी के दर्द को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद महिलाओं को यह अधिकार देने का निर्णय लिया गया। यह नई नीति दिसंबर 2025 से लागू हो गई है। इसके तहत नैरोबी सरकार की महिला कर्मचारियों को पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द और परेशानी से राहत के लिए हर महीने दो दिन की छुट्टी मिलेगी। इसका मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों की कार्यक्षमता और उनके स्वास्थ्य में सुधार करना है।

# सहयोग न देने वाले सहयोगियों को भी दी चेतावनी, होर्मुज को लेकर क्यों बढ़ी चिंता

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए सहयोगी देशों को चेतावनी दी है। कई नाटो देशों ने सैन्य अभियान में शामिल होने से इनकार कर दिया है, जिससे अमेरिका और सहयोगियों के बीच तनाव बढ़ गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा और बढ़ती तेल कीमतों ने हालात और गंभीर बना दिए हैं।



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर अपनी बयानबाजी और तेज कर दी है। उन्होंने साफ संकेत दिया है कि अमेरिका अपने सैन्य अभियान को लेकर पीछे नहीं हटेगा, भले ही सहयोगी देश साथ दें या नहीं। ट्रंप के बयान से साफ है कि पश्चिम एशिया में तनाव अब और बढ़ सकता है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो ईरान को पूरी तरह खत्म करने तक कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने उन सहयोगी देशों पर भी निशाना साधा जो अमेरिका के सैन्य अभियान में शामिल नहीं हो रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर देश है और उसे किसी की मदद की जरूरत नहीं है।

क्या सहयोगियों से बढ़ गया टकराव?

अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के बीच इस मुद्दे पर मतभेद साफ दिख रहे हैं। कई नाटो देशों ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान में शामिल होने से इनकार कर दिया है। कनाडा, जर्मनी और ब्रिटेन जैसे देशों ने साफ कहा है कि वे सीधे सैन्य कार्रवाई का हिस्सा नहीं बनेंगे।

**होर्मुज को लेकर क्यों बढ़ी चिंताः** होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के लिए बेहद अहम समुद्री रास्ता है, जहां से बड़ी मात्रा में तेल की सप्लाई होती है। ट्रंप ने पहले सहयोगियों से इस रास्ते की सुरक्षा में मदद मांगी थी, लेकिन कई देशों ने इसमें भी दिलचस्पी नहीं दिखाई।

# नेपाल में लैंडिंग के समय हेलीकॉप्टर का बिगड़ा संतुलन

## खोटांग में 9एन-एएफक्यू क्रैश, एक यात्री घायल

**काठमांडू।** नेपाल के खोटांग जिले में बुधवार को एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। इस हादसे में एक यात्री घायल हुआ है जबकि पायलट और अन्य लोग सुरक्षित हैं।

नेपाल के पूर्वी हिस्से में स्थित खोटांग जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां एयर डायनेस्टी कंपनी का एक हेलीकॉप्टर लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह हेलीकॉप्टर काठमांडू से एक शव लेकर खोटांग पहुंचा था। हादसे के समय हेलीकॉप्टर में पायलट समेत कुल छह लोग सवार थे। गनीमत रही कि इस घटना में किसी की जान नहीं गई। हालांकि एक यात्री को चोटें आई हैं।

जानकारी के मुताबिक, यह हादसा सुबह करीब 11 बजकर 51 मिनट पर हुआ। एयर डायनेस्टी का हेलीकॉप्टर 9एन-एएसक्यू खोटांग जिले में उतरने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान वह असंतुलित होकर जमीन पर गिर गया। खोटांग की मुख्य जिला अधिकारी रेखा कंडेल ने बताया कि हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं और केवल एक व्यक्ति को मामूली चोट लगी है।



### तेज हवा से बिगड़ा हेलीकॉप्टर का संतुलन

लैंडिंग के समय वहां काफी तेज हवा चल रही थी। धूल और तेज हवा के कारण पायलट को लैंडिंग में दिक्कत हुई और हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया।

कंपनी के अनुसार, पायलट सबिन थापा हेलीकॉप्टर उड़ा रहे थे। हेलीकॉप्टर कंपनी ने अपने बयान में कहा है कि पायलट और अन्य यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। हादसे की विस्तृत जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन ने तुरंत राहत कार्य शुरू कर दिया। घायल यात्री को अस्पताल पहुंचाने और रेस्क्यू के लिए कंपनी ने एक दूसरा हेलीकॉप्टर मौके पर भेजा है। अन्य यात्रियों और पायलट को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है। पुलिस और स्थानीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

# इस्राइल को अराघची की दो टूक, कहा- व्यवस्था पर कोई असर नहीं



**तेहरान।** इस्राइल के हमलों में शीर्ष अधिकारियों की मौत के बाद ईरान ने मजबूती का दावा किया है। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि देश की राजनीतिक व्यवस्था मजबूत है और किसी एक नेता की कमी से सिस्टम पर असर नहीं पड़ता। उन्होंने इस्राइल को सख्त संदेश देते हुए कहा कि ईरान हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है।

इस्राइल के हमलों में शीर्ष अधिकारियों की मौत के बाद भी ईरान ने साफ कर दिया है कि उसका सिस्टम कमजोर नहीं पड़ा है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि देश की राजनीतिक व्यवस्था इतनी मजबूत है कि किसी एक बड़े नेता की गैरमौजूदगी से कोई फर्क नहीं पड़ता। उनके इस बयान को इस्राइल के खिलाफ सीधा और सख्त संदेश माना जा रहा है।

दरअसल, इस्राइल के हवाई हमलों में सुरक्षा प्रमुख अली लारिजानी और बसिज कमांडर घोलामरेजा सोलैमानी समेत कई अहम चेहरों की मौत हुई है। इसके बाद यह चर्चा तेज हो गई थी कि क्या ईरान की सत्ता व्यवस्था पर इसका असर पड़ेगा। इसी को लेकर अराघची ने स्पष्ट कहा कि इस्लामिक गणराज्य की संरचना मजबूत है और यह किसी भी झटके को झेलने में सक्षम है।

**क्या नेताओं की मौत से कमजोर होगा ईरानः** अराघची ने साफ शब्दों में कहा कि ईरान की राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संस्थाएं मजबूत हैं। उन्होंने कहा कि किसी एक व्यक्ति की मौजूदगी या गैरमौजूदगी से पूरे सिस्टम पर असर नहीं पड़ता।

उनका कहना है कि इस्लामिक गणराज्य की संरचना मजबूत है और यह किसी भी झटके को झेलने में सक्षम है। यह व्यवस्था लंबे समय से बनी हुई है और कई चुनौतियों के बावजूद टिके रहने में सक्षम है।

### क्या क्षेत्र में बढ़ेगा तनाव

विशेषज्ञ मानते हैं कि इस घटनाक्रम से पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ सकता है। ईरान और इस्राइल के बीच पहले से ही टकराव की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में बड़े नेताओं की मौत के बाद बयानबाजी तेज होना इस बात का संकेत है कि हालात और बिगड़ सकते हैं।

### क्या ईरान का सिस्टम वाकई इतना मजबूत है

अराघची ने इंटरव्यू में कहा कि ईरान का सिस्टम एक मजबूत ढांचा है, जो किसी एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं करता। उन्होंने इसे ह्लबहुत ठोस संरचनाह्व बताया। उनका कहना है कि संस्थाएं लगातार काम कर रही हैं और देश के अंदर स्थिरता बनी हुई है। इससे यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि ईरान अंदर से कमजोर नहीं है।

### इस्राइल के हमलों पर क्या है ईरान का रुख?

ईरान ने इस्राइल के हमलों को आक्रामक और गैरकानूनी बताया है। अराघची ने कहा कि इस तरह के हमलों से ईरान डरने वाला नहीं है। उन्होंने संकेत दिया कि देश अपनी सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। हालांकि उन्होंने सीधे तौर पर किसी जवाबी कार्रवाई का जिक्र नहीं किया, लेकिन रुख सख्त जरूर दिखा।

# अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच बढ़ा तनाव

**काबुल।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर गहराता नजर आ रहा है। अमीर खान मुत्ताकी ने कहा है कि काबुल पर हालिया हवाई हमलों के बाद अफगानिस्तान का पाकिस्तान की कूटनीतिक मंशा पर से भरोसा पूरी तरह उठ गया है। विदेश मंत्री मुत्ताकी ने काबुल में राजनयिकों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान कहा कि पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई यह दशार्ती है कि वह विवादों को बातचीत से सुलझाने के बजाय बल प्रयोग का रास्ता अपना रहा है। अफगान विदेश मंत्री ने कहा कि जब तक पाकिस्तान अपनी आक्रामक कार्रवाई बंद नहीं करता, तब तक किसी भी तरह की बातचीत या समझौता संभव नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पाकिस्तान की सेना ने पिछले कुछ वर्षों में कई बार अफगान हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया है। मुत्ताकी ने चेतावनी दी कि यह स्थिति केवल अफगानिस्तान तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए खतरा बन सकती है।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# भोपुरा में सपा की शक्ति का प्रदर्शन

## 29 मार्च की रैली को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प

### सिकंदर यादव का ऐलान: अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना ही मिशन



**भोपुरा, करंट क्राइम।** 29 मार्च को प्रस्तावित रैली की तैयारियों को लेकर भोपुरा स्थित आशीर्वाद ग्रीन फार्म हाउस में समाजवादी पार्टी की एक विशाल सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में करीब एक हजार से अधिक कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे, जिन्होंने एकजुट होकर रैली को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमार भाटी शामिल हुए। विशिष्ट अतिथियों में सिकंदर यादव, अमरपाल शर्मा, जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन और कमलेश यादव मौजूद रहे। उनके साथ देवेंद्र टाइगर और अनिल चौधरी भी पहुंचे।

विशिष्ट अतिथि सिकंदर यादव ने अपने संबोधन में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना कार्यकताओं का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि मौजूदा सरकार जनता को धर्म और जाति के नाम पर बांटने का काम कर रही है और अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है।

मुख्य अतिथि राजकुमार भाटी ने अपने संबोधन में सामाजिक एकता का संदेश देते हुए कहा कि किसी भी धर्म में जाति के आधार पर भेदभाव की बात नहीं कही गई है। उन्होंने कहा कि सभी धर्म मानवता और समाज के कल्याण के लिए हैं, लेकिन वर्तमान राजनीति में लोगों को बांटने की कोशिश की जा रही है।

सभा का आयोजन बाबू सिंह आर्य (प्रदेश सचिव, समाजवादी पार्टी) ने अपनी टीम के साथ किया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य बबली कसाना, मास्टर भंवर सिंह, मास्टर राजपाल सिंह कसाना, मास्टर ज्ञानचंद, गजराज कसाना, मनीष कसाना, गिरिराज प्रजापति, मनीष पंडित, डॉ. योगी, मास्टर सुखबीर सिंह, मास्टर पदम सिंह, अनिल मंदार, विनोद गुर्जर, अभिषेक मंदार और राजेश यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# योगी सरकार के 9 साल: लाभार्थियों को योजनाओं का सीधा फायदा



**नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश में विकास, सुशासन एवं जनकल्याण की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन, लखनऊ में नवनिर्माण के 9 वर्ष शीर्षक पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण गौतमबुद्धनगर कलेक्ट्रेट परिसर सूरजपुर में किया गया। इस दौरान विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, विधायक दादरी तेजपाल नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, जिलाध्यक्ष भाजपा अभिषेक शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी डा. शिवाकांत द्विवेदी सहित अन्य उपस्थित रहें।

इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि विगत 9 वर्षों में प्रदेश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं तथा सरकार की योजनाओं ने समाज के प्रत्येक वर्ग विशेषकर गरीबों, किसानों, युवाओं एवं महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के तहत लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। जिसमें कृषि विभाग ने 2 लाभार्थियों को कस्टम हायरिंग सेंटर एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत 3 बालिकाओं, आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी सम्मानित किया गया।

इसके अलावा योगी सरकार 9 वर्ष पूर्ण होने पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा 9 वर्ष विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों व उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी स्थापित की गई। जनप्रतिनिधियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में सूचना विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों एवं प्रदर्शनियों का अवलोकन करते हुए सराहना की। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग तथा अन्य विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक स्टॉल एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिनमें सरकारी योजनाओं की जानकारी सरल एवं व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत की गई। स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय भी किया गया, जिससे स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को प्रोत्साहन मिला।

कार्यक्रम के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार, डिप्टी कलेक्टर विवेक प्रकाश पांडेय, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, जिला दिव्यांगजन अधिकारी/जिला प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी आशीष कुमार, खंड विकास अधिकारी दादरी नेहा, सहकारिता विभाग से आलोक रंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता से मारपीट के विरोध में उबाल, नोएडा कोर्ट में जारी धरना



**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में बिसरख पुलिस द्वारा एक अधिवक्ता के साथ की गई मारपीट और बदसलूकी के विरोध में वकीलों का गुस्सा अभी शांत नहीं हुआ है। बुधवार को भी जिला न्यायालय में अधिवक्ताओं का धरना-प्रदर्शन जारी रहा। सैकड़ों की संख्या में अधिवक्तागण अधिवक्ता चौक पर एकत्र हुए। उसके बाद नारेबाजी करते हुए सभी अधिवक्ता धरना स्थल पर बैठ गए। इस दौरान अधिवक्ता सम्मान बचाओं संघर्ष समिति के अध्यक्ष अनिल भाटी एडवोकेट ने कहा कि जिस प्रकार बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव अधिवक्ताओं के सम्मान की लड़ाई के बीच में छोड़कर भाग गये हैं। यह बहुत ही निंदनीय है। अध्यक्ष व सचिव अधिवक्ताओं के विरोध में कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि 19 मार्च 2026 को सुबह 10.30 बजे अधिवक्ता चौक पर एकत्र होकर जनरल बॉडी कॉल की गयी है। जिसमें अध्यक्ष व सचिव के विरूद्ध आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी तथा आन्दोलन को और तेज करने पर रणनीति बनायी जायेगी।

धरना-प्रदर्शन के दौरान पीड़ित अधिवक्ता फरीद अहमद ने कहा कि पुलिस द्वारा मेरे साथ जो अत्याचार किया गया है जब तक दोषी पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज होकर जेल नहीं जाते तब तक मैं पीछे हटने वाला नहीं हूँ।

# मधुबन बापूधाम योजना के 03 भूखण्डों की नीलामी से प्राधिकरण को लगभग 97.98 करोड़ की आय



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने 18 मार्च 2026 को हिन्दी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद में मधुबन बापूधाम योजना के पॉकेट-ए, बी एवं सी में स्थित रिक्त व्यवसायिक एवं ग्रुप हाउसिंग भूखण्डों की नीलामी सफलतापूर्वक सम्पन्न की गई।

इस नीलामी में निवेशकों एवं विकासकताओं की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली। प्राप्त उच्चतम बोलियों के आधार पर पॉकेट-ए( मधुबन बापूधाम योजना ) के 01 ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड की नीलामी से लगभग 79.29 करोड़, पॉकेट-बी के 01 व्यवसायिक भूखण्ड की नीलामी से लगभग 10.81 करोड़ एवं पॉकेट-सी के 01 व्यवसायिक भूखण्ड की नीलामी से लगभग 7.86 करोड़ की नीलामी हुई।

इससे कुल 03 भूखण्डों की नीलामी से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को लगभग 97.98 करोड़ की संभावित आय प्राप्त होगी। प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि नीलामी की सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप सम्पन्न कराई गई। उन्होंने यह भी बताया कि नीलामी से प्राप्त होने वाली आय का उपयोग शहर में आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, नई विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार में किया जाएगा।

प्राधिकरण द्वारा मधुबन बापूधाम योजना सहित अन्य योजनाओं में भी निवेश को प्रोत्साहित करने तथा आधुनिक शहरी अवसंरचना के विकास हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे गाजियाबाद को एक सुव्यवस्थित एवं आधुनिक शहर के रूप में विकसित किया जा सके।

# 20 वर्षों से लंबित मधुबन बापूधाम योजना का निस्तारण, जल्द शुरू होंगे विकास कार्य

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** लगभग 20 वर्षों से लंबित मधुबन बापूधाम योजना के अंतर्गत किसानों को दिए जाने वाले भूखण्डों के संबंध में प्राधिकरण ने समुचित निस्तारण की कार्यवाही सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है। यह उपलब्धि जनहित से जुड़े कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की प्राधिकरण की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

प्राधिकरण द्वारा अब योजना में किसानों को आवंटित भूखण्डों के आंतरिक विकास कार्य शीघ्र शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इसके तहत आगामी दो माह के भीतर निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी, जिसके बाद विकास कार्यों की शुरूआत होगी। विकास कार्यों में सड़कों का निर्माण, जलापूर्ति, सीवरेज व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि आवंटित भूखण्डों का उपयोग सुगम और व्यवस्थित रूप से किया जा सके।

प्राधिकरण ने क्षेत्र के समग्र विकास और नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

# रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत के विरोध में समाजवादी महिला सभा ने किया प्रदर्शन




**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्व नगर में रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत के समाधान की मांग को लेकर समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष डॉक्टर शशि यादव के नेतृत्व में बुधवार को सूरजपुर स्थित जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि देश में रसोई गैस की भारी किल्लत चल रही है, गैस एजेंसियों पर भारी भीड़ लगी हुई है और कई घरों में गैस सिलेंडर न मिलने के कारण चूल्हे तक नहीं जल पा रहे हैं। आम जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों को एक गैस सिलेंडर के लिए कई घंटे लाइन में लगना पड़ रहा है और कई गुना अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है।

प्रदर्शन के दौरान समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष डॉक्टर शशि यादव ने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर न उपलब्ध होने की वजह से महिला खाना नहीं बना पा रही है। गरीब परिवारों को भूखा रहना पड़ रहा है और मध्यम वर्ग के परिवारों के अधिकांश लोग बाजार से बिस्कुट आदि खरीद कर पेट भर रहे हैं।

लेकिन भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार गैस आपूर्ति कि सुचारु व्यवस्था करने के बजाय गैस सिलेंडर की कमी न होने का झूठा दावा कर की जनता और महिलाओं के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रही है। भाजपा सरकार का झूठ और फर्जी दावा कर जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियां से दूर भाग रही है। धरना-प्रदर्शन के दौरान डॉ महेंद्र नागर, इंद्र प्रधान, कृशान्त भाटी, सुनीता यादव, रूबी नागर एडवोकेट, नेहा पवार, विकास, जतन भाटी, विकास भनौता, मनोज शर्मा, ललिता यादव, प्रशांत भाटी, रईसहा खान, संजीदा बेगम, अनीता चौहान, मोहित नागर, समय भाटी, संजीव नागर, शिमला सागर, सुषमा सिंह, अनुराधा चौधरी, शीतल शर्मा, विपिन नागर, समीम खान, शहनाज खान, मीना, नीतू यादव, केके भाटी, उमेश प्रधान, विशाल, अमित भाटी, सिमरन, तनिश पवार, राजेश गौड़, मोहित भाटी एडवोकेट, खुशी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# विहान ग्रीन सोसाइटी में 'सांसत' में फंसी रही महिला और बच्चा

## 40 मिनट तक लिफ्ट में मचा कोहराम, सुरक्षा उपकरण फेल



नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट (ग्रेनो वेस्ट) स्थित विहान ग्रीन सोसाइटी से एक बेहद डरावनी घटना सामने आई है, जहां एक महिला अपने पांच वर्षीय मासूम बच्चे के साथ करीब 40 मिनट तक लिफ्ट के अंदर मौत से जूझती रही। इस दौरान लिफ्ट के सुरक्षा उपकरणों और अलार्म ने भी साथ छोड़ दिया, जिससे सोसाइटी में सुरक्षा दावों की पोल खुल गई है। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

छठे और सातवें फ्लोर के बीच 'अटक' गई सांसें सोसाइटी निवासी प्रमोद ने बताया कि उनकी पत्नी अपने बच्चे को स्कूल से लेकर वापस घर लौट रही थीं। जैसे ही वह बेसमेंट से लिफ्ट में सवार हुई, अचानक बिजली चली गई। बिजली जाते ही लिफ्ट अचानक झटके के साथ छठे और सातवें फ्लोर के बीच अटक गई। ओडिशा एससीबी अस्पताल अग्निकांड : पीएम मोदी ने की पीड़ित परिवारों और घायलों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा ये भी पढ़ें ओडिशा एससीबी अस्पताल अग्निकांड : पीएम मोदी ने की पीड़ित परिवारों और घायलों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा अलार्म दबाया, मदद मांगी, पर कोई नहीं आया पीड़ित महिला ने बताया कि उन्होंने करीब 10 मिनट तक लिफ्ट खुलने का इंतजार किया, लेकिन जब कोई हलचल नहीं हुई तो उन्होंने अलार्म बटन दबाया और इंटरकॉम से संपर्क करने की कोशिश की।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि संगठन में ताजपोशी नहीं होने से नाराज चुटिया वाले त्यागी जी ने खींच दी है लाईन? सुना है उन्होंने कर लिया उन चेहरों को अब खुद से दूर? जिन्होंने नहीं होने दिया उनका मामला फाईनल? हिंदु नव वर्ष की बधाई वाले होर्डिंग के डिजाईन पर उन्होंने नहीं दिया है मंत्री जी, योद्धा और मुराद पूरी करने वाले जनप्रतिनिधि को स्थान? कहने वाले ने कहा कार्यकर्ता अपना दर्द ऐसे ही प्रकट करता है? इससे ज्यादा क्या कर सकता है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उन्होंने ऊपर वालों के पास निकाला था कुछ चेहरों को लेकर इस तरह खोट? एक गुर्जर चेहरा तो उभर गया? पता नहीं बाकी चेहरे कैसे झेलेंगे ये चोट? सुना है उसने शोले वाले जय की तरह इन वीरूओं का बांधा ईलाज? कहा एक का तो आपने इंस्टा पर बल देख ही लिया होगा? दूसरा मुझसे भी बड़ा लगता है साहब? तीसरी मैडम का हमेशा रहता है पार्टी के विरोध वाला किरदार? सुना है कुछ इस तरह से करके वो इन सबका ईलाज? आ रहे थे बाहर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अब जब हो गई संगठन वाली ताजपोशी? तो थोड़ी तोड़ दो आप मोर्चो को लेकर भी खामोशी? करा दो अब आने वाली योजना का भी एहसास? बता दो युवा वाला पद जायेगा साहिबाबाद वाले चौधरी के पास? महिला में दिखेंगी क्रासिंग वाली मैडम ठाकुर बैटर? एससी वाले विभाग में वेद के प्रकास से होगा उजाला? अभी मामला यहीं पर रोक दो? धीरे धीरे निकालो बाकी मैटर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें समझने चाहिए चुन्नू भैया के दिल के भी जज्बात? जब होती है अनदेखी तब निकलता है कार्यकर्ता के दिल से बाहर शिकायत का सैलाब? कुछ ऐसा ही हुआ है 35 साल पुराने कार्यकर्ता के साथ? चाहती तो पार्टी इस चेहरे को भी कहीं ना कहीं एडजस्ट कर सकती थी? अच्छा नहीं है तोड़ना इस तरह किसी चेहरे का ख्वाब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि महामंत्री का पद मिलने के बाद एक चेहरा बधाई लेने के लिए गया था अपने दोस्त के पास? मगर इसके दिल में था फूल और वहां था कोई शोला? पता चला है काफी देर तक सामने वाले ने गेट नहीं खोला? बाद में आई फिर गेट खुलने की आवाज? लेकिन जिससे चाहत थी मिलने की? उससे नहीं हुई मुलाकात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अपनी ताजपोशी को लेकर सुना है त्यागी जी नहीं है ज्यादा खुश? अपने देखा होगा अपनी भावनाओं को उन्होंने ज्यादा नहीं किया है पुश? पार्टी की पहली मीटिंग में भी नहीं दिये उन्होंने दीदार? बस समझ लो कैसे-कैसे उन्होंने ये पद किया है स्वीकार? कहने वाले ने कहा वो पार्टी के कर्मठ चेहरे माने जाते हैं? इसलिए अपना हाल-ए-दिल चुटिया वाले त्यागी जी की तरह वो नहीं उडेल रहे हैं बाहर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बन तो गये हैं सभी नामित पार्षद? मगर बीत नहीं रहा है किसी का वकत? सब एक दूसरे को फोन करके पूछ रहे हैं कब होगी हमारी शपथ? कह रहे हैं वैसे ही हमारी घोषणा हुई है बहुत ही लेट? क्या फायदा होगा आप ही बताओ? अगर नहीं खुलेंगे जल्दी निगम के गेट? कहने वाले ने कहा सभी दिख रहे हैं पूरे जोश में? सभी तलाश रहे हैं शपथ वाला अपडेट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम चुटिया वाले जख्मी त्यागी जी की ओर करना चहाते हैं इशारा? वो इस गलतफहमी को दूर कर लें कि मंत्री और विधायक ने है उनका खेल बिगाड़ा? इन दोनों का तो रहा मामला यही खैर? इनके मैटर में वो थे इस अंदाज में ना काहू से दोस्ती, ना काहू से बैर? बस माहौल कुछ ऐसा बना कि फोकस में ला दिया लाने वाले ने इन दोनों का नाम? नहीं तो आप जानते हो विधायक जी को करना होता है तो खुल कर विरोध करते हैं? यूं पारी नहीं खेलते हैं गुमनाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि योद्धा भी खिलवाना चाहते थे अपने कई प्रिय चेहरों को संगठन वाली पारी? मगर चाहते हुए भी उनको नहीं दिलवा पाये जिम्मेदारी? सुना है उन्होंने किये हैं अपने ऐसे साथियों को फोन? कहा है आपको नहीं मिली है जिम्मेदारी? इस वजह से है मेरा दिल भारी? कहने वाले ने कहा यही तो भगवागढ़ की राजनीति की खासितय है? यहां एक चेहरे की कहां चलती है सारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक प्रेस कान्फ्रेंस में मौजूद थे श्रीमान? यहां पर देखते ही बन रही थी भगवा कमांडर के चेहरे पर मुस्कान? जैसे ही मीडिया वालों ने टैक्स पर पूछा किसी से सवाल? तब देखना कमांडर के चेहरे की मुस्कुराहट? वीडियो लेने सोशल मीडिया से निकाल?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# ग्रेटर नोएडा में 60 लाख की शराब बरामद ट्रक से 570 पेटी पकड़ी गई



**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार की सुबह एक सूचना के आधार पर मेरठ की आबकारी विभाग की प्रवर्तन टीम, जनपद गौतम बुद्ध नगर की आबकारी टीम ने एक संयुक्त अभियान के तहत ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के लुहारली टोल के पास से एक अशोक लीलैंड ट्रक को कब्जे में लिया। इसमें थमोकौल की बोरियों के पीछे छुपाकर 570 पेटी अंग्रेजी शराब रखी गई थी।

यह शराब पंजाब प्रांत में बेचने के लिए बनाई गई थी। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग ट्रक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि यह शराब पंजाब प्रांत से लाई जा रही है, तथा इसे बिहार प्रांत में बेचने के लिए ले जाया जा रहा था। बिहार प्रांत में मदिरा बिक्री के लिए प्रतिबंधित है। इस बात का फायदा उठाकर शराब माफिया सस्ती दर में पंजाब से शराब खरीद कर बिहार में ऊंचे दाम पर बेचते हैं।

पूछताछ के दौरान आबकारी विभाग को यह भी पता चला है कि ट्रक मालिक और ड्राइवर एक सुनियोजित तरीके से शराब तस्करी के धंधे को अंजाम दे रहे हैं। ये लोग कुछ दूर तक ट्रक चलाने के बाद उसे खड़ा कर देते हैं, फिर दूसरा ड्राइवर आता है जो ट्रक को लेकर आगे जाता है। इसी तरह से पंजाब से बिहार पहुंचने तक कई बार ट्रक चालक और वाहन भी बदल जाते हैं ताकि गिरफ्त में ना आए।

उन्होंने बताया की जानकारी में यह भी आया है कि तस्करी के शराब को ढो रहे वाहनों के आगे पीछे लोग चलते हैं, तथा उन्हें पायलट करते हुए अधिकारियों की चेकिंग की सूचना उपलब्ध कराते हैं। अगर कहीं चेकिंग हो रही होती तो वाहनों को रोक दिया जाता है, या किसी और रास्ते से निकाल लिया जाता है।

# नोएडा एयरपोर्ट के पास 350 करोड़ की जमीन पर चला बुलडोजर, अवैध कब्जा साफ



**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास योगी सरकार ने बड़ा बुलडोजर एक्शन लेते हुए करीब 350 करोड़ रुपये की जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया है।

यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की टीम ने भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में यह कार्रवाई की, जहां करीब 70 हजार वर्ग मीटर जमीन पर बने अवैध निर्माण, बाउंड्री वॉल और प्लॉटिंग को जेसीबी मशीनों से पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। बताया जा रहा है कि दयानतपुर गांव और आसपास के इलाकों में बाहरी लोगों द्वारा अवैध कॉलोनियां बसाई जा रही थीं, जिससे एयरपोर्ट प्रोजेक्ट और उससे जुड़ी सड़कों के विकास में रुकावट आ रही थी।

प्रशासन का कहना है कि कई बार नोटिस देने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया, जिसके बाद सख्त कार्रवाई करनी पड़ी। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल भी देखने को मिला, लेकिन पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में रखा। अधिकारियों ने साफ चेतावनी दी है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास किसी भी तरह का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे अतिक्रमण के खिलाफ लगातार बुलडोजर कार्रवाई जारी रहेगी।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने चलाया अभियान 400 किलो कुट्टू का आटा किया सीज




**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी 7 खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए संग्रहित की।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार एवं विजय बहादुर पटेल की टीम द्वारा कुलेसरा ग्रेटर नोएडा स्थित संतोष ट्रेडर्स पर 240 किग्रा कुट्टू आटा खुला हुआ पाया गया। जिसका बिल बाउचर नहीं पाया गया एवं निर्माण तिथि का अंकन भी मिला।

उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त 250 ग्राम के बिना निर्माण तिथि व बैच नंबर के अंकन के कुट्टू आटा के 244 पैकेट मिले, जिनमें से 1- 1 नमूना लेकर शेष लगभग 238 किग्रा खुला व 240 पैकेट कुट्टू आटा सीज किया गया। उन्होंने बताया कि इसी टीम द्वारा कुलेसरा ग्रेटर नोएडा स्थित मुस्कान ट्रेडर्स पर 70 किग्रा कुट्टू आटा खुला हुआ पाया गया। जिसका बिल बाउचर नहीं पाया गया एवं निर्माण तिथि का अंकन भी नहीं पाया गया। इसके अतिरिक्त 250 ग्राम के बिना निर्माण तिथि व बैच नंबर के अंकन के कुट्टू आटा के 145 पैकेट पाए , जिनमें से 1-1 नमूना लेकर शेष लगभग 70 किग्रा खुला व 141 पैकेट कुट्टू आटा सीज किया गया, इस प्रकार इस टीम द्वारा लगभग 400 किलो कुट्टू आटा सीज किया गया।

1 नमूना लिया गया । इस प्रकार कुल 7 नमूनें लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गये हैं। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया जनपद के सभी खाद्य सामग्री विक्रेताओं को सख्त हिदायत दी गई किसी प्रकार की खाद्य सामग्री खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत लाइसेंसी व पंजीकृत आपूर्तिकर्ता से खरीदें तथा खरीद बिल अवश्य लिए जाएं और निर्माण तिथि व बैच नंबर आदि देखकर ही खाद्य सामाग्री प्राप्त करें व उपभोक्ताओं को बिक्री करें। उन्होंने बताया कि आगे भी इसी प्रकार से जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देशन में जांच अभियान संचालित करते हुए नमूने संग्रहित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिससे जनपद वासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके।